दैनिक साँध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन
वर्ष 54/ अंक 151/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10    संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल    ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
भोपाल, शुक्रवार 27 दिसंबर 2024    भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in





## मनमोहन सिंह के निधन पर सात दिन का राजकीय शोक

# अंतिम संस्कार कल

## मोदी-शाह ने घर पहुंचकर श्रद्धांजलि दी, पीएम बोले- डॉक्टर साहब का जीवन, उनकी ईमानदारी-सादगी का प्रतिबिंब







**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह गुरुवार को 92 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह गए। उनके निधन की खबर से पूरे देश में शोक की लहर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा भी श्रद्धांजलि देने उनके आवास पर पहुंचे। वहीं सोनिया



गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के आवास पर पहुंचे। इस दौरान मनमोहन सिंह की पत्नी गुरशरण कौर मौजूद रहीं। उनके निधन पर देश भर में सात दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है। आज होने वाले सभी शासकीय कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए हैं। उनका अंतिम संस्कार कल राजघाट के समीप किया जाएगा।

मनमोहन सिंह लंबे समय से बीमार थे। घर पर बेहोश होने के बाद उन्हें रात 8.06 बजे दिल्ली एम्स लाया गया था। हॉस्पिटल बुलेटिन के मुताबिक, रात 9ऱ51 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली। मनमोहन सिंह, 2004 में देश के 14वें प्रधानमंत्री बने थे। उन्होंने मई 2014 तक इस पद पर दो कार्यकाल पूरे किए थे। वे देश के पहले सिख और सबसे लंबे समय तक रहने वाले चौथे प्रधानमंत्री थे। राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे बेलगावी से देर रात दिल्ली पहुंचने के बाद सीधे मनमोहन सिंह के आवास गए थे। राहुल ने एक्स पर लिखा- मैंने अपना मार्गदर्शक और गुरु खो दिया। इस बीच, कर्नाटक के बेलगावी में चल रही कांग्रेस वर्किंग कमेटी की मीटिंग रद्द कर दी गई। कांग्रेस स्थापना दिवस से जुड़े आयोजन भी कैंसिल हो गए हैं। पार्टी के इवेंट 3 जनवरी के बाद शुरू होंगे।

मनमोहन का पार्थिव शरीर कल कांग्रेस मुख्यालय में रखा जाएगा, जहां आम लोग उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। जानकारी के मुताबिक, मनमोहन का अंतिम संस्कार कल होगा। उनकी बेटियां आज शाम तक अमेरिका से भारत आ जाएंगी।




### कांग्रेस मुख्यालय में अंतिम दर्शनों के लिए रखा जाएगा पार्थिव शरीर

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मनमोहन सिंह की बेटी आज देर रात तक भारत पहुंच सकती हैं। पूर्व पीएम का पार्थिव शरीर अंतिम दर्शनों के लिए कांग्रेस मुख्यालय में रखा जाएगा। आम लोग पूर्व पीएम के अंतिम दर्शन शनिवार सुबह 8 बजे से लेकर 10 बजे तक कर सकेंगे। कांग्रेस मुख्यालय से ही मनमोहन सिंह के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जाएगा।

### सात दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा

केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 26 दिसंबर, 2024 को नई दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन के बाद 26 दिसंबर, 2024 से 1 जनवरी, 2025 तक पूरे देश में सात दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। इस दौरान, उन सभी स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा, जहां इसे पारंपरिक रूप से फहराया जाता है और सभी आधिकारिक कार्यक्रम स्थगित रहेंगे।

### मोदी बोले- सौम्यता उनके संसदीय जीवन की पहचान बनी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मनमोहन सिंह ने वित्तीय संकट से घिरे देश को एक नई अर्थव्यवस्था के मार्ग पर प्रशस्त किया। उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। जनता के प्रति देश के विकास के प्रति उनका कमिटमेंट उसे हमेशा बहुत सम्मान से देखा जाएगा। डॉ. मनमोहन सिंह जी का जीवन, उनकी ईमानदारी और सादगी का प्रतिबिंब था। उनकी विनम्रता सौम्यता उनके संसदीय जीवन की पहचान बनी।

### मनमोहन सिंह देश के इकलौते प्रधानमंत्री जिनके नोट पर हैं हस्ताक्षर

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह देश के एकमात्र प्रधानमंत्री हैं जिनके हस्ताक्षर भारतीय नोटों पर पाए जाते हैं।



2005 में, जब वे प्रधानमंत्री थे, भारत सरकार ने 10 रुपये का नया नोट जारी किया था, जिस पर मनमोहन सिंह के हस्ताक्षर थे। सामान्यतः भारतीय नोटों पर भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के गवर्नर के हस्ताक्षर होते हैं, लेकिन यह विशेष बदलाव 10 रुपये के नोट में किया गया था। मनमोहन सिंह भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर भी रह चुके हैं। उन्होंने 16 सितंबर 1982 से 14 जनवरी 1985 तक इस पद की जिम्मेदारी संभाली थी, और उस समय जारी होने वाले नोटों पर उनके हस्ताक्षर होते थे।

## मध्यप्रदेश में राजकीय शोक, मुख्यमंत्री यादव ने दी मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि



पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह के निधन पर मध्यप्रदेश में भी राजकीय शोक घोषित किया गया है। आज होने वाले शासकीय कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए हैं। आज भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वामित्व योजना के तहत अधिकार पत्रों का वितरण करने वाले थे, लेकिन यह कार्यक्रम भी फिलहाल निरस्त कर दिया गया है। मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि प्रसिद्ध अर्थशास्त्री, पूर्व प्रधानमंत्री पूर्व वित्त मंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन करने वाले डा. मनमोहन सिंह का हमारे बीच से चले जाना अत्यंत कष्टकारी है। उनकी नीतियों के आधार पर भारत को नई दिशा मिली। मैं बाबा महाकाल से प्रार्थना करता हूं कि उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

## पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर अमेरिका और रूस समेत वैश्विक नेताओं ने जताया शोक

डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है। अमेरिका ने डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अमेरिकी सरकार ने एक बयान में कहा कि डॉ. सिंह ने भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी को मजबूती प्रदान की। विशेष रूप से 2008 में हुआ असैन्य परमाणु समझौता उनके नेतृत्व का अहम हिस्सा था, जिसने दोनों देशों के रिश्तों को एक नई



दिशा दी। डॉ. सिंह को उनके आर्थिक सुधारों के लिए हमेशा याद किया जाएगा, जिन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर एक नई दिशा दी। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने डॉ. सिंह की नेतृत्व क्षमता की सराहना करते हुए उन्हें भारत की अर्थव्यवस्था के आधुनिकीकरण का श्रेय दिया। रूस के भारत में राजदूत डेनिस अलीपोव ने भी डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक भावुक संदेश में लिखा, यह भारत और रूस दोनों के लिए शोक और दुःख का क्षण है। डॉ. मनमोहन सिंह का हमारे द्विपक्षीय संबंधों में योगदान अनमोल था। ओम शांति। अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, भारत ने अपने सबसे महान बेटों में से एक को खो दिया है। मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने कहा, मनमोहन सिंह के निधन की खबर सुनकर मुझे बहुत दुख हुआ। उनके साथ काम करना हमेशा सुखद अनुभव रहा, और वे मेरे लिए एक दयालु पिता समान थे। वे मालदीव के सच्चे मित्र थे।



कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, मुझे अपने पूर्व सहयोगी, प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ है। वे एक शानदार दिमाग, ईमानदारी और ज्ञान से परिपूर्ण व्यक्ति थे। लॉरेन और मैं उनके परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

## आर्थिक सुधारों के लिए जाने जाते हैं मनमोहन



डॉ. मनमोहन सिंह की सुझाई नीतियों से देश में आर्थिक सुधार के दरवाजे खुले। 1991 में पीवी नरसिम्हा राव की अगुवाई में कांग्रेस सरकार बनी थी, तब वित्त मंत्री की कमान डॉ. मनमोहन सिंह ने संभाली। उस वक्त देश की माली हालत खराब थी। विदेशी मुद्रा भंडार 1 अरब डॉलर रह गया था। पूर्ववर्ती चंद्रशेखर सरकार को तेल-उर्वरक के आयात के लिए 40 करोड़ डॉलर जुटाने के लिए 46.91 टन सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ जापान में गिरवी रखना पड़ा था। उसी दौर में मनमोहन सिंह उदारीकरण की नीति लेकर आए। 24 जुलाई, 1991 का दिन भारत की आर्थिक आजादी का दिन कहा जाता है। इस दिन पेश बजट ने भारत में नई उदार अर्थव्यवस्था की नींव रखी। डॉ. सिंह ने बजट में लाइसेंस राज को खत्म करते हुए, कंपनियों को कई तरह के प्रतिबंधों से मुक्त किया था। आयात-निर्यात नीति बदली गई थी, जिसका उद्देश्य आयात लाइसेंसिंग में ढील और निर्यात को बढ़ावा देना था।

## जब संसद में मनमोहन सिंह ने सुनाई थी शायरी, विपक्षी भी तालियां बजाने से बच ना पाए



मनमोहन सिंह कम बोलते थे, लेकिन एक संसद का एक किस्सा याद किया जाता है, जिसमें बीजेपी की दिग्गज नेता सुषमा स्वराज और मनमोहन सिंह के बीच शेरो-शायरी हुई थी। लोकसभा में वोट के बदले नोट विषय पर विषय पर चर्चा हो रही थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह विपक्ष पर सवालों पर जबाव दे रहे थे। इस दौरान नेता विपक्ष सुषमा ने उन पर कटाक्ष करते हुए कहा था- तू इधर उधर की न बात कर, ये बता के कारवां क्यों लुटा; मुझे रहजनों से गिला नहीं, तेरी रहबरी का सवाल है। इसके जवाब में मनमोहन सिंह ने कहा था-माना के तेरी दीद के काबिल नहीं हूं मैं, तू मेरा शौक तो देख, मेरा इंतजार तो देख। संसद में चर्चा के दौरान मनमोहन सिंह ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए मशहूर शायर मिर्जा गालिब का शेर पढ़ा। उन्होंने कहा, 'हमको उनसे वफा की है उम्मीद, जो नहीं जानते वफ़ा क्या है।



### डॉ. मनमोहन सिंह को भारतीय क्रिकेट टीम ने मैदान पर काले आर्मबैंड पहनकर दी श्रद्धांजलि

भारतीय क्रिकेट टीम ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के दूसरे दिन काले आर्मबैंड पहनकर उनके सम्मान में श्रद्धांजलि दी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा, भारतीय क्रिकेट टीम ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर सम्मान व्यक्त करने के लिए काले आर्मबैंड पहनने का निर्णय लिया है।

### हमेशा नीली पगड़ी पहनते थे मनमोहन सिंह

मनमोहन सिंह अक्सर नीली पगड़ी पहनते थे। इसके पीछे क्या राज था, ये उन्होंने 11 अक्टूबर 2006 को कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में खोला था। उन्हें ड्यूक ऑफ एडिनबर्ग, प्रिंस फिलिप ने डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया था। तब प्रिंस फिलिप ने अपने भाषण में कहा था, %आप उनकी पगड़ी के रंग पर ध्यान दे सकते हैं। इस पर मनमोहन सिंह ने कहा कि नीला रंग उनके अल्मा मेटर कैम्ब्रिज का प्रतीक है।

# वसुंधरा राजे को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलना तय

## कोई आश्चर्य नहीं पार्टी को पहली राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष मिल जाए

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और राजस्थान की दो बार मुख्यमंत्री तथा केन्द्रीय मंत्री रही वसुंधरा राजे का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ रंगबिरंगे गुलदस्ते के साथ मुस्कुराता हुआ फोटो हाल ही राजनीतिक गलियारों में चर्चा का एक बड़ा विषय रहा था। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अगले महीने नए साल के जनवरी में होने वाले चुनाव से पहले दोनों नेताओं की इस मुलाकात के पीछे क्या मंतव्य छुपा है ? इसका पटाक्षेप आने वाला समय ही बताएगा, लेकिन लग रहा है कि आने वाले वक्त में वसुंधरा राजे किसी नई भूमिका में दिखाई देंगी और उनको कोई बड़ी जिम्मेदारी मिलना तय लग रहा है। कोई आश्चर्य नहीं होगा यदि भाजपा को वसुंधरा राजे के रुप में अपनी पहली राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष मिल जाए।



इसकी वजह साफ दिखाई दे रही है क्योंकि लंबे समय से हाशिए पर दिख रही वसुंधरा राजे को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले दिनों अपनी जयपुर यात्रा के दौरान विशेष तव्वजों दी थी और अपने भाषण में भी उनके शासन काल का उल्लेख किया था। उसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं वसुंधरा राजे से नई दिल्ली आकर उनसे मिलने के लिए आमन्त्रित किया था। इसके बाद नई दिल्ली में वसुंधरा राजे और प्रधानमंत्री मोदी की राजधानी नए संसद भवन में चर्चित मुलाकात हुई थी। एक लम्बे अर्से बाद दोनों नेताओं की इस अहम मुलाकात में दोनों की बॉडी लैंग्वेज ने कई नए संकेतों की ओर इशारा किया है। राजे और मोदी की मुलाकात के बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने के बाद अनायास राजे से उनके नई दिल्ली स्थित निवास पर जाना भी बहुत कुछ कहता है।

राजनीति की जानकारी रखने वाले इस तथ्य को जानते है कि भाजपा में वसुंधरा राजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी वरिष्ठ नेता रही है और अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्रित्व काल के उनके मंत्रिपरिषद की सदस्य थी। तब नरेन्द्र मोदी संगठन का काम करते थे। वसुंधरा पर लालकृष्ण आडवाणी और भैरोंसिंह शेखावत सहित अन्य सभी वरिष्ठ भाजपा नेताओं का वरद हस्त रहा है। ग्वालियर की राजमाता विजया राजे सिंधिया उनकी माता थी।

## हिमाचल-उत्तराखंड में सड़कों पर बर्फ जमी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में लगातार हो रही बर्फबारी के कारण कई सड़कें बंद हैं। हिमाचल में 2 हाइवे समेत 24 सड़कों पर लगातार तीसरे दिन बसों की आवाजाही



बंद है। नेशनल हाइवे 305 पर भी करीब 1 फुट बर्फ है। प्रशासन बर्फ हटाने की कोशिश में जुटा हुआ है। उत्तराखंड में भी जोशीमठ और पिथौरागढ़ में बर्फबारी के कारण नेशनल हाइवे और स्टेट हाइवे बंद है। देहरादून में भी त्यूनी-चक्रता-मसूरी नेशनल हाईवे के 30 किलोमीटर स्ट्रेच का हाईवे बर्फबारी के कारण बंद है।

# सौरभ शर्मा के भोपाल, ग्वालियर-जबलपुर के ठिकानों पर ईडी की रेड

**भोपाल/ग्वालियर/जबलपुर।** आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा के भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर स्थित ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापा मारा है। ईडी के अधिकारी आज सुबह एक साथ तीनों शहरों में सौरभ के ठिकानों पर पहुंचे हैं। ईडी के एक सीनियर अधिकारी ने आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि की है। सूत्रों के मुताबिक, रेड में कई अहम दस्तावेज मिले हैं।



मामले में 23 दिसंबर को ईडी की एंट्री हुई थी। ईडी ने सौरभ और उसके सहयोगी चेतन गौर के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया था। वहीं, लोकायुक्त ने सौरभ शर्मा समेत 5 लोगों को समन जारी किया है। उधर, परिवहन विभाग में रहकर करोड़ों की संपत्ति जुटाने वाले सौरभ शर्मा के ठिकानों पर कार्रवाई में लोकायुक्त पुलिस की लापरवाही भी सामने आई है।

### ग्वालियर एसपी बोले- किसकी रेड, नहीं पता

ग्वालियर के बहोड़ापुर स्थित सौरभ शर्मा की कोठी पर सुबह 5 बजे ही पुलिस फोर्स के साथ ईडी ने दबिश दी। फिलहाल, घर के बाहर फोर्स तैनात है, अंदर अफसर सर्चिंग कर रहे हैं। हालांकि, ग्वालियर एसपी धर्मवीर सिंह का कहना है कि रेड किसकी है, यह अभी उनको भी नहीं पता है। किसी भी जांच एजेंसी ने ग्वालियर पुलिस से संपर्क नहीं किया है। पड़ोस में रहने वाले रिटायर्ड डीएसपी मुनीष राजौरिया ने बताया- ये डॉ. राकेश शर्मा का घर है। उनके दो लड़के सचिन और सौरभ शर्मा हैं। सचिन छत्तीसगढ़ में नौकरी करता है।

# स्पर्श भवन में दिव्यांग बच्चों के जन्मदिवस मनाने की नवजीवन सेवा समिति संस्था की अनूठी पहल



**भोपाल।** नवजीवन सेवा समिति द्वारा स्पर्श भवन स्थित शासकीय मूक-बधिर एवं दृष्टिबाधित आवासीय विद्यालय के 40 छात्र-छात्राओं के साथ मासिक जन्मदिवस समारोह पूर्वक केक काटकर मनाये इस मौके पर नवजीवन सेवा समिति अध्यक्ष सत्येन्द्र अग्रवाल ने देश विदेश में दिव्यांगजनों की प्रेरक उपलब्धियां साइन लैंग्वेज शिक्षक के माध्यम से छात्र-छात्राओं और उपस्थित जनों को बताई समिति प्रवक्ता भगवान दास ढालिया ने बताया इस अवसर पर दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने विभिन्न खेल और शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं और कार्यक्रम पर हर्ष व्यक्त किया समिति की ओर से बच्चों को उपहार भी दिए गए इस अवसर पर तरंग अग्रवाल, विनीता दिवाकर,राजीव दिवाकर, मीरा कांटे वाला,करुणेश्वरी ग्रुप की मातृशक्ति,स्कूल अधीक्षका लता मालाकार,शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ छात्र-छात्राओं के अभिभावक गण आदि भी उपस्थित थे।

# अटल विचार प्रबोधन का कार्यक्रम हुआ




**भोपाल।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई की 100 जयंती के अवसर पर पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता के नेतृत्व में जनश्री कल्याण समिति के बैनर तले मुख्य वक्ता पूर्व राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी एवं प्रकाश बरतूनिया, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी की उपस्थिति में अटल विचार प्रबोधन का कार्यक्रम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सभागार भारत माता चौराहा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समित के अध्यक्ष रामदयाल प्रजापति गोविंद कहारे रामेश्वर दीक्षित और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी रहे।

# वीर बाल दिवस पर किया नमन



**भोपाल।** भाजपा अजजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, भोपाल जिला प्रभारी बालिस्ता रावत ने कहा कि भाजपा भानपुर मंडल अध्यक्ष निलेश गौर ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुये बताया कि गुरु गोविंद सिंह ने देश-धर्म के लिये अपना पूरा परिवार बलिदान कर दिया । गुरु गोविंद सिंह के पुत्र जोरावर सिंह और फतेहसिंह का बलिदान दिवस 26 दिसंबर को मनाया जाता है, जिसे वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम के वक्ता विजय गौतम ने जोरावर सिंह और फतेहसिंह के बाल अवस्था में बलिदान की विस्तार से जानकारी दी। जयपाल सिंह ने सीखों और गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। वार्ड 73 के पार्षद राजू राठौर, वार्ड 72 के पार्षद जोन 16 के अध्यक्ष विकास पटेल, वार्ड 74 के पार्षद प्रतिनिधि राजू लोधी ने भी संबोधित किया। जयपाल सिंह, सुखदेव सिंह, जयदीप सिंह तथा बंटी सरदार का मंडल अध्यक्ष और पार्षदों ने सम्मान किया। कार्यक्रम में गायत्री गायकवाड़, चंद्रप्रकाश गौर, राहुल कुचबंदिया, रमा कुशवाह, भागवती पटेल, शिवदयाल मैथिल, रविशंकर लोधी, शुभम कोरी, संदीप अहिरवार, बलराम रजक, हरिदेवी विश्वकर्मा, रीना धाकड़, कमलेश गंगेले, पुरुषोत्तम चौरसिया, अमन ठाकुर, सुमित माली, किशनलाल चौरसिया, विमलेश ठाकुर, ज्योति विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### हजारों युवाओं के साथ विधायक रामेश्वर शर्मा ने मनाया वीर बाल दिवस, गुरु गोबिन्द सिंह के साहिबजादों को श्रद्धासुमन अर्पित कर किया नमन

# प्राण जाए पर धर्म न जाए, ये सीख अगर किसी ने दी तो वो गुरु गोबिन्द सिंह के साहिबजादे हैं: रामेश्वर शर्मा

**संत हिरदाराम नगर।** गुरु गोबिन्द सिंह के साहिबजादों के बलिदान की याद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2022 में प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद से हर साल गुरु गोबिन्द सिंह के पुत्र साहिबजादा बाबा फतेह सिंह और साहिबजादा बाबा जोरावर सिंह के बलिदान दिवस को पूरे देश में वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी तारतम्य में भोपाल की हुजूर विधानसभा के विधायक रामेश्वर शर्मा ने भी संत हिरदाराम नगर में वीर बाल दिवस मनाया। विधायक शर्मा के आयोजन में हजारों-हजार नागरिकों ने सम्मिलित होकर धर्म की रक्षा के लिए प्राणोत्कर्ष करने वाले साहिबजादों के बलिदान को याद कर नमन किया।

संत नगर में 7 और 9 वर्ष के साहिबजादों की शहादत को याद करने वाला यह आयोजन पूर्णत: बाल एवं युवाओं पर केन्द्रित रहा। आयोजन में



स्कूल के छात्रों की सहभागिता अधिक रही। जिनके साथ विधायक रामेश्वर शर्मा ने वीर बाल दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का लाइव प्रसारण देखा। विधायक शर्मा ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि अपने धर्म पर अडिग रहने वाले साहिबजादा फतेह सिंह और जोरावर सिंह ने जब इस्लाम कुबूल करने के स्थान पर स्वयं को दीवार में चुनवाने का फैसला किया तब उनकी उम्र केवल 7 एवं 9 साल थी। इतनी कम उम्र में भी अपने धर्म और संस्कृति के प्रति उनके सर्वोच्च बलिदान से हर युवा को सीख लेनी चाहिए।विधायक रामेश्वर शर्मा ने कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया के इतिहास में मुगलों का अत्याचार किसी से छुपा नहीं है। आतातायी इस्लामिक आक्रांताओं ने भारतीय संस्कृति और धर्म को खंडित करने का अनेकों बार प्रयास किया, लेकिन धन्य हैं वो गुरु गोबिन्द सिंह जिनके पुत्रों पर मर जाना स्वीकारा लेकिन अपना धर्म परिवर्तन नहीं किया। गुरु गोबिन्द सिंह के दो पुत्र मुगलों से युद्ध में वीरगति को प्राप्त हो गए, बचे दो पुत्रों को बंदी बनाकर उनके सामने शर्त रखी गई कि या तो इस्लाम कुबूल करो या दीवार में चुनवा दिए जाओगे। तब 7 और 9 साल के छोटे बालकों ने जो निर्णय लिया आज वो हम सभी को गौरव और गर्व से भर देता है। उन्होंने स्वयं को दीवार में चुनवा लिया लेकिन धर्म परिवर्तन नहीं किया। उनका बलिदान आज हम सभी को धर्म और संस्कृति के लिए जीने की प्रेरणा देता है।

## राज्य जलमार्ग परिवहन समिति का गठन

**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन ने राज्य में जलमार्ग परिवहन के विकास और प्रबंधन के लिए राज्य जलमार्ग परिवहन समिति का गठन किया है। यह समिति भारत सरकार के पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के निर्देशानुसार बनाई गई है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार समिति में मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन को अध्यक्ष और अपर मुख्य सचिव, परिवहन विभाग एवं द्वारा मनोनीत सदस्य को सदस्य सचिव के रूप में शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त उपाध्यक्ष नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, पर्यटन विभाग के अपर मुख्य सचिव, लोक निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग के प्रमुख सचिव, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के सदस्य अभियांत्रिकी, पश्चिम रेल्वे भोपाल द्वारा मनोनीत सदस्य और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के क्षेत्रीय अधिकारी को सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

# पर्यटन में नई पहल: गाइड्स को सिखाए स्टोरीटेलिंग के गुर, पर्यटकों को मिलेगा नया अनुभव

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने पर्यटन क्षेत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए राज्य के 71 गाइड्स को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया है। इस प्रशिक्षण के जरिए गाइड्स को न केवल तथ्यात्मक जानकारी देने में दक्ष बनाया गया, बल्कि स्टोरीटेलिंग के माध्यम से पर्यटकों के अनुभव को रोचक और यादगार बनाने का कौशल भी सिखाया गया।

### नवीनीकृत लाइसेंस वितरण समारोह

गुरुवार को मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड कार्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान अपर प्रबंध संचालक (एएमडी) सुश्री बिदिशा मुखर्जी ने गाइड्स को नवीनीकृत लाइसेंस सौंपे। इन लाइसेंस के जरिए गाइड्स अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ऽस्ढ) द्वारा संरक्षित स्मारकों पर भी गाइडिंग कर सकेंगे।

### प्रशिक्षण का उद्देश्य

सुश्री मुखर्जी ने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है- मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक धरोहरों को अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना। गाइड्स को कहानी सुनाने की कला में प्रशिक्षित करना ताकि वे पर्यटकों को केवल जानकारी न दें, बल्कि धरोहरों को जीवंत अनुभव में बदल सकें। पर्यटन क्षेत्र को पेशेवर और आधुनिक दृष्टिकोण से सशक्त बनाना। नवीनीकृत लाइसेंस के साथ, गाइड्स को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के संरक्षित स्मारकों पर गाइडिंग की अनुमति दी गई है। इससे उन्हें न केवल अधिक अवसर मिलेंगे, बल्कि राज्य के पर्यटन क्षेत्र में भी सकारात्मक बदलाव आएगा।

कार्यक्रम के दौरान गाइड्स ने अधिक्षक पुरातत्वविद्, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (भोपाल एवं जबलपुर मंडल), मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड और राज्य पुरातत्व विभाग का आभार व्यक्त किया।

### मध्यप्रदेश पर्यटन का सशक्त भविष्य

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा इस पहल से न केवल गाइड्स की दक्षता बढ़ेगी, बल्कि पर्यटकों को राज्य की धरोहरों का नया अनुभव मिलेगा। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने की उम्मीद है।

### खास आकर्षण

गाइड्स अब मध्यप्रदेश के ऐतिहासिक स्मारकों की कहानियों को पर्यटकों तक पहुंचाने में एक नई ऊर्जा लेकर आएंगे। यह पहल राज्य को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर मजबूत स्थान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सांसद आलोक शर्मा द्वारा सेवा सदन के नि:शुल्क नेत्र रोग जांच शिविर का शुभारंभ



**संत हिरदाराम नगर।** सासंद आलोक शर्मा ने सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा टी.बी अस्पताल परिसर में लगाये गये नि:शुल्क दृष्टि दोष एवं नेत्र रोग जांच शिविर का शुभारम्भ किया। यह शिविर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जन्म जयंती पर लगाया गया था। शिविर में 115 बाह्य नेत्र रोगियों के दृष्टि दोष और नेत्र रोगों की जांच की गई। इनमें से 23 व्यक्तियों को मोतियांबिन्द की शिकायत पाई गई। जबकि 13 व्यक्ति अन्य नेत्र रोगों से पीड़ित पाये गये। सेवा सदन ने निर्धन वर्गों के दृष्टि दोष पीडितों को 36 चश्में मुफ्त प्रदान किये जबकि 50 रोगियों को नि:शुल्क दवाईया प्रदान की। इस अवसर पर उपस्थित सांसद आलोक शर्मा ने सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय के सेवा कार्यों की सराहना की तथा दृष्टि दोष से प्रभावित रोगियों को नि:शुल्क चश्में और दवाईयां प्रदान की। शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एंव कृतित्व पर प्रकाश डाला एंव उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की। उन्होंने आस-पास के झुग्गी बस्तियों में रहने वाले निर्धन परिवारों के लोगों को कम्बल भी वितरित किए।

# भीम नगर स्कूल में बाल सुरक्षा और स्वच्छता जागरूकता पर संवाद

**भोपाल।** मुख्यमंत्री जन कल्याण पर्व के तहत, उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देश पर शासकीय कला एवं वाणिज्य नवीन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों ने समग्र विकास के उद्देश्य से भीम नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान बाल सुरक्षा और स्वच्छता जागरूकता पर विद्यार्थियों के साथ संवाद किया गया, जिसमें गुड टच और बेड टच के बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने विद्यार्थियों को अपने व्यक्तिगत स्वच्छता और आसपास की स्वच्छता बनाए रखने के बारे में भी महत्वपूर्ण बातें साझा की। इस जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम की सफलता में




योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कृष्ण सिंह मैम (कार्यक्रम अधिकारी) के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व स्टेट कैंपर अजय सिंह परिहार ने किया, जिसमें तृतीय वर्ष की स्वयंसेविका शुभ त्रिपाठी, द्वितीय वर्ष की स्वयंसेविकाएं दिशा माली, साक्षी सिंह, मानसी कीर और प्रथम वर्ष के स्वयंसेवकों ने भी अपनी सक्रिय उपस्थिति दी। यह पहल बच्चों के अधिकारों, स्वच्छता और सुरक्षा के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## लिटिल एंजेल स्कूल में मनाया वीर बाल दिवस



**भोपाल।** वीर बाल दिवस के अवसर पर राजा भोजमंडल भाजपा द्वारा कोहेफिजा भोपाल स्थित लिटिल एंजेल स्कूल में भारत की शौर्य परंपरा के पर्याय गुरु गोबिंद सिंह एवं उनके चारों साहिबजादों के बलिदान को नमन किया। साथ ही चार साहिबजादों के जीवन पर केंद्रित ह्रडॉक्युमेंट्री को भी दिखाया गया।इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मनोज राठौर, मंडल अध्यक्ष अजय पवार, प्राचार्य संदीप गुप्ता,ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विकास सोनी, पार्षद प्रियंका मिश्रा,वार्ड संयोजकसुरेश सेंगर,वरिष्ठ नेता दीपक सक्सेना, अनिल मिश्रा, धर्मेंद्र शर्मा, बंटी पाटीदार, जितेंद्र यादव, राजवीर ठाकुर समस्त कार्यकर्ता एवं युवा साथी उपस्थित रहे।

# थिंक गैस ने पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के बाद आपूर्ति बहाल करने की त्वरित कार्रवाई की

**भोपाल।** भोपाल के 11वें मील स्थित नंदी तिराहा के पास थिंक गैस लाइन क्षतिग्रस्त होने की घटना हुई। इससे 90 मिम गैसीफाइड पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, जो कई घरेलू, औद्योगिक और वाणिज्यिक ग्राहकों को गैस प्रदान करती है, जो इस क्षति के कारण प्रभावित हुए। क्षति की सूचना मिलने पर, थिंक गैस टीम और आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन तुरंत स्थान पर पहुँचे। यह निष्कर्ष निकाला गया कि थिंक गैस प्रतिनिधि की अनुपस्थिति में की गई खुदाई के कारण लाइन क्षतिग्रस्त हुई है। इस क्षति के कारण कटारा और समरधा के क्षेत्रों में गैस बाधित हुई। थिंक गैस टीम ने क्षतिग्रस्त लाइन को तुरंत ठीक किया और आपूर्ति फिर से शुरू की इस तरह की क्षति से न केवल ग्राहकों को गैस की आपूर्ति बाधित होती है, बल्कि जान-माल को भी खतरा होता है। गैसीफाइड पाइपलाइन के पास खुदाई से सख्ती से बचना चाहिए। किसी भी खुदाई के बारे में थिंक गैस को सूचित किया जाना चाहिए। गैस पाइपलाइन को नुकसान पहुँचाने का कार्य स्पष्ट रूप से पेट्रोलियम और खनिज पाइपलाइन (भूमि में उपयोगकर्ता के अधिकार का अधिग्रहण) अधिनियम, (पीएमपी अधिनियम) 1962 की धारा 15(1) और (2) के साथ-साथ आईपीसी की संबंधित धाराओं के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। ये उल्लंघन संज्ञेय अपराध हैं। और इनके लिए 25 करोड़ रुपये तक का जुर्माना और तीन साल तक की कैद हो सकती है।

# थाना पिपलानी पुलिस ने अवैध गैस रिफिलिंग कारोबार पर की बड़ी कार्रवाई

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना पिपलानी पुलिस ने अवैध गैस रिफिलिंग के कारोबार पर सख्त कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई का नेतृत्व पुलिस उपायुक्त (जोन-2) डॉ. संजय अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त महावीर सिंह मुजाल्दे, और सहायक पुलिस आयुक्त दीपक नायक (गोविंदपुरा) के मार्गदर्शन में किया गया।

दिनांक 26 दिसंबर 2024 को थाना पिपलानी की चौकी आनंद नगर क्षेत्र में मुखबिर से सूचना मिली कि गुप्ता कॉलोनी में दिनेश परमार नामक व्यक्ति अपने घर पर अवैध रूप से गैस सिलेंडर रिफिलिंग कर रहा है। सूचना के आधार पर निरीक्षक अनुराग लाल और उनकी टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को मौके पर पकड़ा।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दिनेश परमार (48 वर्ष) निवासी गुप्ता कॉलोनी, आनंद नगर, भोपाल बताया। जब उससे घरेलू गैस सिलेंडर से छोटे सिलेंडर में रिफिलिंग करने का वैध लाइसेंस मांगा गया, तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी घरेलू सिलेंडरों से अवैध रूप से छोटे सिलेंडरों में गैस भरकर उन्हें अधिक कीमत पर बेच रहा था, जिससे मानव जीवन को खतरे में डाल रहा था। आरोपी के खिलाफ धारा 3/7 ईसी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। अवैध गतिविधि में उपयोग किए गए सिलेंडरों और उपकरणों को जब्त कर लिया गया है।

### मौके से बरामद सामग्री

कुल सिलेंडर- 20
भारत गैस- 04
इंडेन गैस-10
छोटे सिलेंडर- 06
कुल कीमत- लगभग 50,000
अन्य सामग्र- गैस रिफिलिंग नोजल

# साधु वासवानी स्कूल में 60वीं वार्षिक रामधुनी का श्रद्धा व उत्साह के साथ किया गया समापन

### राम नाम की धुनी घर में लगाने से घर मंदिर बन जाता है व आनंद की अनुभूति होती है: सिद्ध भाऊ

**संत हिरदाराम नगर।** साधु वासवानी स्कूल में सात दिन से चल रही 60वीं वार्षिक अखण्ड रामधुनी का गुरूवार को भोग साहिब किया गया। श्री गुरू ग्रंथ साहिब के पाठ साहिब का आरती, अरदास, अनंद साहिब के साथ भोग साहिब किया गया। इस अवसर पर संत सिद्ध भाऊ ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा कि रामधुनी उस परम सत्ता से जुड़ने का एक माध्यम है मन, वचन कर्म से सेवा करने वालों को फल अवश्य प्राप्त होगा यह रामधुनी केवल सात दिन नहीं वरन रोज लगानी चाहिए इससे घर में सुख शांति होती है व दु:ख-दर्द कलेश हमसे कोसो दूर रहते हैं लोक परलोक को सुधारना है तो प्रतिदिन रामधुनी लगाए और बच्चों को भी रामधुनी लगाने हेतु प्रेरित करें इससे उनके मन को



शांति मिलेगी और अच्छे संस्कारों की प्राप्ति होगी, उन्होंने बताया कि कपड़ा एसोसिएशन एवं हैप्पी ग्रुप द्वारा अखंड रामधुन में सेवा कार्यों हेतु 2 लाख 51 हजार रुपये की राशि प्रदान की है और यह घोषणा की है कि अगले साल 3 लाख 51 हजार की राशि सेवा कार्यों हेतु प्रदान की जाएगी जो बड़े हर्ष की बात है।




**एक रौशन दिमाग़ था, जो अब न रहा,**
**हिंद में इक चराग़ था जो अब न रहा!**
**एक सूरज था जो तारों के घराने से उठा,**
**आँख भी हैरान है जो एक शख़्स ज़माने से उठा!**
**विनम्र श्रद्धांजलि**
**@DrManmohansinhजी**

# सीएम मोहन यादव बोले-प्रदेश में होंगे 53 मेडिकल कॉलेज, बजट भी होगा डबल

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कैबिनेट की बैठक के बाद प्रेसवार्ता आयोजित की। इस दौरान मोहन यादव ने कहा कि उनकी सरकार ने सत्ता संभालने के साथ ही बजट को दोगुना करने का लक्ष्य तय किया था और इसी दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है।सीएम यादव ने बताया कि दिनभर चले मंथन में गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग के हितों पर विशेष चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि इन वर्गों की बेहतरी के लिए योजनाएं तैयार की जा रही हैं ताकि प्रदेश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्धब करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, खेती-किसानी से किसानों को अधिक लाभ दिलाने के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने की योजना पर चर्चा हुई है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि नवकरणीय ऊर्जा में हमारे पास अपने बजट के माध्यम से किसानों के लिये जो टेम्पररी कनेक्शन लेते हैं। ऐसे किसानों को सोलर पंप देने की तैयारी है। विकसित भारत में पुराने वेस्ट को निष्पादित करने को लेकर हमने कई राज्यों का अध्ययन किया। सुशासन के लिए हमारे विभाग कैसे काम करें इसपर



हमने चर्चा की है। हमने दिनभर मंथन किया, ये आखिरी नहीं है आगे भी मंथन होता रहेगा। खर्चो को कम करते हुए विकास की छलांग लगाने के लिए मध्य प्रदेश तैयार है।

**हमारे पास टूरिज्म की संभावनाएं:** उन्होंने कहा कि फरवरी में ग्लोबल इम्वेस्टर्स समिट है, औद्योगिक निवेश के सभी प्रस्ताव पर बेहतर काम करने का निर्णय हमने लिया है। आय भी बढ़े और मध्यप्रदेश अग्रणी राज्यों में रहे यह कोशिश है। मध्यप्रदेश में संभावना बेहतर है। मध्यप्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर समस्या नहीं है। मेडिकल, आयुर्वेद सभी क्षेत्र में हमने काम किया है। आने वाले समय मे 53 मेडिकल कॉलेज हो जाएंगे। हमारे पास टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं।

**प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास:** सीएम यादव ने भरोसा जताया कि उनके नेतृत्व में राज्य का बजट दोगुना करने और रोजगार, कृषि और महिलाओं के उत्थान के प्रयास सफल होंगे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और मंत्रियों से मिलकर इस योजना को जमीनी स्तर पर लागू करने का आह्वान किया। मंथन के दौरान मंत्रियों ने अपने सुझाव दिए, जिन्हें योजनाओं का हिस्सा बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह बैठक राज्य के समग्र विकास के लिए एक ठोस रणनीति तैयार करने की दिशा में अहम साबित होगी।

## पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने व्यक्त किया शोक

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रख्यात अर्थशास्त्री, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि उनकी विद्वत्ता, सादगी और कर्तव्यनिष्ठा हमेशा प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने और परिजनों व प्रशंसकों को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## डॉ. राजीव गुप्ता नेशनल वेटरन एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित, उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने दी बधाई



भोपाल। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भोपाल के हमीदिया अस्पताल में हृदय रोग विभाग के एचओडी डॉ. राजीव गुप्ता को 'नेशनल वेटरन एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित होने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान न केवल डॉ. गुप्ता के व्यक्तिगत समर्पण और उत्कृष्टता का प्रमाण है, बल्कि यह मध्यप्रदेश के चिकित्सा क्षेत्र के लिए भी गौरव का विषय है। । भारतीय चिकित्सा संघ ने मध्यप्रदेश के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजीव गुप्ता को 'नेशनल वेटरन एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड' से सम्मानित किया है।

## सार्थक रहा मंथन 2024, मंत्रियों के मिले महत्वपूर्ण सुझावः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

# प्रदेश को अनेक क्षेत्रों में हब बनाने पर हुआ गंभीर विचार विमर्श

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पूरे दिन चला मंथन-2024 का आयोजन सार्थक रहा। मुख्य रूप से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा युवा, गरीब, महिला और किसान, इन चार प्रमुख वर्गों के कल्याण के लिए निर्धारित की गई प्राथमिकता के अनुसार कार्य किया जाएगा। इसके लिए शीघ्र ही चार मिशन कार्य करेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सुशासन का महत्व प्रतिपादित किया है। सुशासन को दृष्टिगत रखते हुए आज सम्पन्न मंथन शिविर बैठक में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया है। आज लिए गए निर्णय के अनुसार इस तरह की विमर्श बैठकें अब विभाग स्तर पर की जाएंगी। मध्यप्रदेश को अनेक क्षेत्रों में हब बनाने पर गुरूवार को गंभीर विचार-विमर्श हुआ है। मंत्रि-परिषद के सदस्यों को विभागीय कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिक से अधिक जनकल्याण राज्य सरकार का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए मध्यप्रदेश सरकार निरंतर प्रयास करेगी। प्रदेश में अस्पतालों में वरिष्ठ रोगियों को सम्मान और सुविधा प्राप्त हो, इस दृष्टि से उनकी पृथक पंक्ति और बैठक का प्रबंध किया जाएगा। प्रदेश में चिकित्सा सुविधाओं ओर चिकित्सा शिक्षा संस्थाओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है। प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म की दृष्टि से भी प्रयास किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश को औद्योगिक हब बनाने के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की जो शुरूआत की गई, उसके सफल परिणाम मिल हैं। उन्होंने बतायया कि



प्रधानमंत्री फरवरी 2025 में भोपाल में होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में आयेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योगों को भूमि प्रदान करने के लिए उदार नीति का पालन करते हुए अधोसंरचना विकास के प्रयास बढ़ाए जाएंगे। उद्योग स्वयं विभिन्न विकास कार्यों को आवंटित भूमि के अनुसार क्रियान्वित करेंगे, इससे राज्य की अपनी सम्पदा के विकास और सुविधाओं में वृद्धि संभव होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. अटल जी की 100वीं जयंती पर खजुराहो में 25 दिसम्बर को केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के भूमि-पूजन के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश ने एक वर्ष में प्रगति के नए आयाम स्थापित किए हैं। मध्यप्रदेश के पर्यटन की उन्होंने सराहना की और विश्व के 10 बड़े पर्यटन संभावनाओं से भरे क्षेत्रों में मध्यप्रदेश के शामिल होने का विशेष उल्लेख किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार प्रधानमंत्री श्री मोदी जी द्वारा किए गए मध्यप्रदेश के इस विशेष उल्लेख का सदैव सम्मान करेगी। मध्यप्रदेश पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में भी निरंतर कार्य करेगा। प्रदेश में 30 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। आने वाले एक वर्ष में इनकी संख्या 50 से अधिक हो जाएगी।

## समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 20 जनवरी तक



**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अभी तक 3 लाख 22 हजार 89 किसानों से 21 लाख 22 हजार 901 मीट्रिक टन धान की खरीदी उपार्जन केन्द्रों में हो चुकी है। धान की खरीदी के लिये 1393 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं। धान का उपार्जन 20 जनवरी 2025 तक किया जायेगा। धान कॉमन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रूपये और धान ग्रेड-ए का 2320 रूपये है। धान की खरीदी जिला पन्ना में 58,454, दमोह 39,670, सागर 7459, शहडोल 1 लाख 1 हजार 43, अनूपपुर 46,208, उमरिया 62,732, रीवा 2 लाख 17 हजार 77, सतना 2 लाख 35 हजार 687, सिंगरौली 80,259, सीधी 60,754, मऊगंज 54,919, मैहर 79,120, सीहोर 13,100, रायसेन 17,536, विदिशा 676, नर्मदापुरम 78,046, बैतूल 20,725, हरदा 349, कटनी 2 लाख 21 हजार 154, बालाघाट 2 लाख 75 हजार 776, मंडला 1 लाख, 9 हजार 759, नरसिंहपुर 45,363, सिवनी 1 लाख 13 हजार 95, जबलपुर एक लाख 60 हजार 922, डिंडोरी 17,699, छिंदवाड़ा 4719, भिण्ड 398, शिवपुरी 138, अलीराजपुर 47 और झाबुआ जिले में 17 मीट्रिक टन की जा चुकी है।

# तंबाकू नशा मुक्ति के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाएं: डॉ. सिडाना

### राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में राज्य स्तरीय स्मॉल वर्किंग ग्रुप की हुई बैठक



**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की प्रबंध संचालक डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि युवाओं में तंबाकू सेवन की प्रवृत्ति एक गंभीर समस्या है। बच्चों को बचपन में जो संस्कार मिलते हैं, वे जीवनभर उनके साथ रहते हैं। शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता अभियान चलाना तंबाकू नियंत्रण के लिए अत्यंत आवश्यक है। डॉ. सिडाना ने कहा कि एनएचएम, 'उमंग कार्यक्रम' में स्कूलों में तंबाकू नियंत्रण के लिए शिक्षा विभाग के साथ मिलकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाएगा। एनएचएम कार्यालय भोपाल में गुरूवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय स्मॉल वर्किंग ग्रुप की बैठक में संचालित गतिविधियों, वर्तमान स्थिति और भविष्य की कार्य योजना पर मंथन किया गया।

एम.डी. डॉ. सिडाना ने निर्देश दिए कि सिगरेट्स एंड अदर टोबैको प्रोडक्ट्स एक्ट और टोबैको-फ्री एजूकेशनल इंस्टीट्यूशंस गाइडलाइन्स का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिये विभागीय समन्वय से प्रयास किये जाए। उन्होंने कहा कि तंबाकू की लत छुड़ाने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाया जाए और राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति के अनुरूप नशा मुक्ति अभियान में तंबाकू सेवन करने वालों को भी सहयोग प्रदान किया जाये। आयुष विभाग के वेलनेस कार्यक्रम से भी तंबाकू सेवन करने वालों को मार्गदर्शन प्रदान किया जाये। वेलनेस गतिविधियाँ योग, ध्यान आदि मानसिक रूप से मजबूत बनाने और तंबाकू सेवन की लत से मुक्ति दिलाने में सहयोगी होंगी। एमडी एनएचएम ने जिलों में टीबी नियंत्रण सेल को तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रमों से समन्वय करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही नेशनल ओरल हैल्थ प्रोग्राम और राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू सेवन करने वालों की प्राथमिकता से स्क्रीनिंग करने को कहा। वरिष्ठ संयुक्त संचालक डॉ. प्रज्ञा तिवारी, मध्यप्रदेश वालिंटियरी हेल्थ एसोसिएशन के कार्यकारी निदेशक श्री मुकेश कुमार सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के राज्य स्तरीय स्मॉल वर्किंग ग्रुप के अधिकारी उपस्थित थे।

## प्रदेश के 250 विद्यार्थियों ने अहमदाबाद के औद्योगिक संस्थानों का किया भ्रमण

**भोपाल।** प्रदेश के शासकीय विद्यालयों के 250 विद्यार्थियों ने गुजरात राज्य के अहमदाबाद स्थित विभिन्न औद्योगिक संस्थानों का भ्रमण किया है। विद्यार्थियों का यह एक्सपोजर विजिट उनके कौशल उन्नयन के लिये किया गया था। विद्यार्थियों का एक्सपोजर विजिट स्कूल शिक्षा विभाग की स्टार्स परियोजना में आयोजित किया गया। एक्सपोजर विजिट में 150 विद्यार्थी ऐसे थे, जिन्होंने नवम्बर माह में आयोजित राज्य स्तरीय कौशल प्रदर्शनी में सहभागिता की थी। भ्रमण दल में ऐसे विद्यार्थियों को भी शामिल किया गया था, जिन्होंने माध्यमिक शिक्षा मण्डल की सत्र 2023-24 की व्यावसायिक शिक्षा संकाय की परीक्षा में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। भ्रमण दल में व्यावसायिक संकाय से जुड़े शिक्षकों को भी शामिल किया गया था। प्रदेश में नई शिक्षा नीति-2020 में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने की अनुशंसा की गई है। विभाग द्वारा इसी बात को ध्यान में रखते हुए शासकीय विद्यालयों में समयानुकूल व्यावसायिक प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है। पिछले वर्ष प्रदेश में करीब 3 लाख विद्यार्थियों ने 14 ट्रेड्स में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हुई कार्यशाला

**भोपाल।** उमरिया जिले के बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व अंतर्गत ईको-सेंटर, ताला में हाथी-मानव द्वंद प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला अध्ययन प्रवास, समीक्षा और भविष्य के रणनीति निर्धारण पर आधारित थी। कार्यशाला में प्रवास पर गये दल प्रभारियों द्वारा जंगली हाथियों के प्रबंधन विषय पर विस्तृत प्रेजेंटेशन दिया गया। प्रेजेंटेशन में रहवास विकास, मानव-वन्य-प्राणी द्वंद को कम करने के उपाय, कॉरिडोर मैनेजमेंट, 24म7 कंट्रोल रूम, ई-निगरानी, जन-जागरूकता और विभिन्न आधुनिक तकनीकों को सम्मिलित किया गया। कार्यशाला में विभिन्न वन मण्डलों के वन मण्डलाधिकारियों ने उनके वन मण्डल में जंगली हाथी प्रबंधन, हाथी मूवमेंट और हाथी-मानव द्वंद संबंधित प्रेजेंटेशन दिया। डब्ल्यू.आर.सी.सी.एस. एवं डब्ल्यू.डब्ल्यू.एफ. द्वारा भी हाथी-मानव द्वंद के संबंध में प्रेजेंटेशन दिया गया। कार्यशाला में समस्त प्रतिभागियों द्वारा अपने अनुभव साझा किये गये। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य-जीव श्री शुभरंजन सेन एवं अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य-जीव श्री एल. कृष्णमूर्ति द्वारा हाथी-मानव द्वंद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हाथी मित्र दलों को पुरस्कृत किया गया।

क्षेत्र संचालक, बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व, संजय टाइगर रिजर्व, वन मण्डलाधिकारी सतना, मण्डला, कटनी, शहडोल, उत्तर शहडोल, डिण्डौरी, अनूपपुर, उमरिया एवं अध्ययन प्रवास पर गये उप वन मण्डलाधिकारी एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी-सह-डब्ल्यू.आर.सी.एस., डब्ल्यू.डब्ल्यू.एफ. (एनजीओ) आदि उपस्थित रहे।

## पश्चिम मध्यप्रदेश में अब तक 9.20 लाख स्मार्ट मीटर स्थापित

**भोपाल।** डिजिटल इंडिया की दिशा में तेजी से बढ़ते हुए मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी स्मार्ट मीटर योजना का प्रभावी संचालन कर रही है। अब तक पश्चिम मप्र में 9 लाख 20 हजार से ज्यादा स्मार्ट मीटर स्थापित हो चुके हैं। सबसे ज्यादा स्मार्ट मीटर इंदौर, उज्जैन, रतलाम में लगाए गए हैं। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर की प्रबंध निदेशक सुश्री रजनी सिंह ने बताया कि अत्याधुनिक स्मार्ट मीटरों की तेजी से स्थापना हो रही है। वर्तमान में इंदौर जैसे महानगर के अलावा उज्जैन, रतलाम जैसे अन्य बड़े नगर, जिला मुख्यालयों, नपा क्षेत्रों मे बिजली उपभोक्ताओं के यहां प्राथमिकतापूर्वक नि:शुल्क स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इंदौर शहर में अब तक 4 लाख से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। उज्जैन शहर में करीब 82 हजार, रतलाम शहर में 81 हजार से ज्यादा स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। वहीं देवास शहर में 55 हजार, खरगोन शहर में 44250 स्मार्ट मीटर स्थापित हो चुके हैं।

## निरीक्षण में मेडिकल स्टोर्स के लाइसेंस निलंबित, सीएमएचओ ने दी सख्त चेतावनी

**भोपाल।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा छोला नाका क्षेत्र में स्थित विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर सोनी मेडिकल स्टोर का लाइसेंस तीन दिनों के लिए निलंबित कर दिया गया। यहां कोडीन युक्त दवाओं के रिकॉर्ड में अनियमितता पाई गई, जिसके कारण विक्रय और क्रय की अनुमति भी पूरी तरह से निरस्त कर दी गई। इस स्टोर में रजिस्टर्ड फार्मासिस्ट श्रीमती मोनिका सोनी की अनुपस्थिति में दवाओं का विक्रय किया जा रहा था। इसके अतिरिक्त, दुकान में शेड्यूल एच 1 रजिस्टर भी उपलब्ध नहीं पाया गया। इसी क्षेत्र में हैप्पी मेडिकल स्टोर का लाइसेंस दो दिन के लिए निलंबित किया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि दवाओं के क्रय-विक्रय की नियमित जांच की जा रही है, और दवा विक्रेताओं को इन दवाओं के रिकॉर्ड को रखने का निर्देश दिया गया है। पंजीकृत चिकित्सक के प्रिस्क्रिप्शन के बिना शेड्यूल ड्रग्स की बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। भोपाल के सीएमएचओ एवं उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन, डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि कोडीन युक्त दवाएं औषधि और प्रसाधन अधिनियम 1940/1945 के अंतर्गत शेड्यूल एच में शामिल हैं, और इन्हें केवल पंजीकृत चिकित्सक के प्रिस्क्रिप्शन पर ही बेचा जा सकता है। किसी भी दवा विक्रेता द्वारा नियमों का उल्लंघन किए जाने पर उनके खिलाफ औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस निरीक्षण से खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने यह स्पष्ट संदेश दिया है कि दवाओं की बिक्री में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघ, तेंदुआ और वन्य प्राणियों की गणना

### 1278 कैमरों की मदद से 800 से अधिक कर्मचारी कर रहे हैं गणना

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

उमरिया जिले के बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में फेस-44 की गणना की जा रही है। इसमें टाइगर रिजर्व के 9 परिक्षेत्रों में ट्रैप कैमरे लगाये गये हैं। गणना के बाद आँकड़ों को एकत्रित कर वाइल्ड-लाइफ इंस्टीट्यूट देहरादून भेजा जायेगा। टाइगर रिजर्व में फेस-44 की गणना प्रतिवर्ष की जाती है। टाइगर रिजर्व के क्षेत्र में चिन्हित स्थानों में ट्रैप कैमरे लगाये गये हैं। यह कैमरे 25 दिन के लिये लगाये जाते हैं। इन कैमरों में एकत्रित फोटो का मिलान किया जाता है और इससे नये वन्य-प्राणियों की पहचान की जाती है। गणना में बाघ, तेंदुआ और पक्षियों के मूवमेंट, टेरिटरी की भी जानकारी प्राप्त हो जाती है। बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में गणना के लिये 2 ब्लॉक बनाये गये हैं। एक ब्लॉक में 4 परिक्षेत्र और दूसरे ब्लॉक में 5 परिक्षेत्र हैं। दोनों ब्लॉकों के लिये नोडल अधिकारी भी नियुक्त किये गये हैं, जो पूरी गणना और गणना में लगे कर्मचारी का सहयोग करेंगे। ट्रैप कैमरे का डाटा बीटीआर के टाइगर सेल तक पहुँचाया जायेगा।



**कैमरे 640 स्थानों पर लगाये गये:** टाइगर रिजर्व में बाघ, तेंदुआ और सहभक्षी वन्य-प्राणियों की गणना के लिये 9 परिक्षेत्रों में 640 स्थानों पर 1200 से अधिक ट्रैप कैमरे लगाये गये हैं। इनकी सुरक्षा के लिये भी स्टॉफ को नियुक्त किया गया है। ट्रैप कैमरों में सेंसर लगा होता है। कैमरों को जंगल में चिन्हित स्थानों पर आमने-सामने लगाया गया है। कैमरों के सामने से वन्य-प्राणी के निकलते ही, कैमरों को मूवमेंट मिलते ही फोटो क्लिक कर लेता है। वन्य-प्राणियों की गणना का उद्देश्य वन्य-प्राणियों के संभावित आँकड़े प्राप्त होने से बाघ, तेंदुआ के संरक्षण को लेकर योजना बनाने में सहयोग मिलता है। बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व में लगभग 165 से अधिक बाघ और 130 से अधिक तेंदुआ हैं।



स म्पा द की य

# ये पहले से ही आशंका थी

जिस तरह से बांग्लादेश में हसीना सरकार का तख्ता पलट हुआ और अंतरिम सरकार काबिज हुई, उससे यही आशंका थी कि बांग्लादेश में जहां कट्टरवादी हावी हो जाएंगे, वहीं उसकी पाकिस्तान से निकटता बढ़ सकती है। यह अब सामने ही दिखने लगा है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार जिस तरह के कदम उठा रही है, उससे दोनों देशों के रिश्तों में बेहतरी आने के बजाय खटास और बढ़ने के आसार दिख रहे हैं। खासकर पाकिस्तान से बढ़ती करीबी बढ़ भारत के लिए सिरदर्द साबित हो सकता है।

देखा जाए तो पड़ोसी मुल्क में हालिया सत्ता परिवर्तन कोई सहज लोकतांत्रिक प्रक्रिया का परिणाम नहीं था। यही कारण है कि सत्ता परिवर्तन के लिए और उसके बाद अफरातफरी का माहौल बना। लेकिन सत्ता परिवर्तन के साथ ही जिस तरह से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा का सिलसिला शुरू हुआ, वह अंतरिम सरकार गठित होने के बाद भी जारी है। यह इस बात का संकेत था कि बांग्लादेश का नया नेतृत्व या तो इस्लामी कट्टरपंथी तत्वों के प्रभाव में है या उन पर अंकुश लगाने में असमर्थ साबित हो रहा है।

लंबी सीमाओं वाले इस पड़ोसी देश में इस तरह का घटनाक्रम सीधे तौर पर भारत को प्रभावित करता है, जो स्वाभाविक ही है। आखिर है तो वह भारत का ही हिस्सा। यही कारण है कि भारत ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से बार-बार कहा है कि वह अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। मगर वहां की सरकार ठोस कदम उठाने के बजाय हिंसा की इन घटनाओं को झुठलाने में ही लगी हुई है। इसके साथ ही अब तो उसने ऐसा रुख अपनाना शुरू कर दिया है, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ सकता है।

इसी रुख का ताजा उदाहरण बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग के रूप में देखा जा रहा है। जहां तक दोनों देशों के बीच हुई प्रत्यर्पण संधि की बात करें तो उसमें राजनीतिक प्रत्यर्पण की बात नहीं है, फिर भी इस संधि के हवाले से उस पर जोर दिया जा रहा है। भारत ने इस पर खामोशी का रवैया अपनाया हुआ है, लेकिन यह सवाल तो है ही कि क्या बांग्लादेश की अंतरिम सरकार जाने-अनजाने इस मांग के जरिए उसे असुविधाजनक स्थिति में डालने की इच्छा रखने वालों का अजेंडा आगे बढ़ा रही है?

यहां तक तो ठीक था, अचानक बांग्लादेश की सरकार ने पाकिस्तान के साथ एकदम तेजी से संबंध सुधारने शुरू कर दिए। हालांकि कोई भी देश किसी भी अन्य देश से रिश्ते सुधारता है तो इसमें आपत्तिजनक कुछ भी नहीं है, होना भी नहीं चाहिए। परंतु, जिस तरह से पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के साथ हुई मुलाकात में बांग्लादेशी सरकार के मुख्य कर्ता-धर्ता मोहम्मद यूनुस ने 1971 के मसले सुलझाने की बात कही है, वह चौंकाने वाली है।

इसके साथ ही बांग्लादेशी सेना को पाक सेना के जरिए ट्रेनिंग दिलाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। यही नहीं, बिना जांच पड़ताल के पाकिस्तानी जहाज व पाक नागरिकों को प्रवेश दिया जाने लगा है, वह सामान्य बात नहीं है। पहले भी ऐसा देखा गया है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने बांग्लादेश के जरिये भारत में आतंकवाद और उग्रवाद बढ़ाने की कोशिश की थी। वह फिर से ऐसी कोशिशें कर सकती है।

ऐसे में न केवल भारत को बांग्लादेश सीमा को लेकर सतर्कता बढ़ानी होगी, अपितु अपनी रणनीति में बदलाव भी लाना होगा। बांग्लादेश को यह नहीं भूलना चाहिए कि उसका अस्तित्व यदि आज है, तो वह भारत के कारण ही है। लेकिन यह गुजरे जमाने की बात हो गई लगती है। बांग्लादेश उसी भारत से दुश्मनी का रवैया अपनाने की भूल कर रहा है, जिसने उसे आजादी दिलाई और एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में पहचान दिलाने की पहल की। हालांकि यह भूल उसे कितनी भारी पड़ेगी, यह तो फिलहाल नहीं कहा जा सकता, लेकिन यह तय है कि इसमें बांग्लादेश को नुकसान तो होगा ही।

पड़ौसियों से बेहतर संबंध किसी भी देश की सेहत के लिए अच्छे होते हैं। लेकिन यहां बड़ी मुश्किल से श्रीलंका से संबंधों में बेहतरी की शुरुआत हो पा रही है। पाकिस्तान से तो उम्मीद नहीं थी और न है, अब बांग्लादेश भी उसी का अनुसरण करता दिख रहा है। ऐसे में हमें न केवल अतिरिक्त सतर्कता बरतनी होगी, अपितु अपने कूटनीतिक प्रयासों में और तेजी लानी होगी। हमारे लिए हमारे देश की सुरक्षा सर्वोपरि है। यहां के आंतरिक माहौल को बिगाड़ने की अनुमति किसी को नहीं दी जा सकती।

# ऐसे थे मनमोहन सिंह



कनौज से बीजेपी विधायक असीम अरुण (पूर्व आईपीएस) एवं राज्य मंत्री का पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह के नाम एक मार्मिक पोस्ट-

मैं 2004 से लगभग तीन साल उनका बॉडी गार्ड रहा। एसपीजी में पीएम की सुरक्षा का सबसे अंदरुनी घेरा होता है - क्लोज़ प्रोटेक्शन टीम जिसका नेतृत्व करने का अवसर मुझे मिला था। एआईजी सीपीटी वो व्यक्ति है जो पीएम से कभी भी दूर नहीं रह सकता। यदि एक ही बॉडी गार्ड रह सकता है तो साथ यह बंदा होगा। ऐसे में उनके साथ उनकी परछाई की तरह साथ रहने की जिम्मेदारी थी मेरी।

डॉ साहब की अपनी एक ही कार थी - मारुति 800, जो पीएम हाउस में चमचमाती काली बीएमडब्ल्यू के पीछे खड़ी रहती थी। मनमोहन सिंह जी बार-बार मुझे कहते- असीम, मुझे इस कार में चलना पसंद नहीं, मेरी गड्डी तो यह है (मारुति)। मैं समझाता कि सर यह गाड़ी आपके ऐश्वर्य के लिए नहीं है, इसके सिक्योरिटी फीचर्स ऐसे हैं जिसके लिए एसपीजी ने इसे लिया है।

लेकिन जब कारकेड मारुति के सामने से निकलता तो वे हमेशा मन भर उसे देखते। जैसे संकल्प दोहरा रहे हो कि मैं मिडिल क्लास व्यक्ति हूं और आम आदमी की चिंता करना मेरा काम है। करोड़ों की गाड़ी पीएम की है, मेरी तो यह मारुति है।

# महेश श्रीवास्तव: पत्रकारिता में व्यवस्था की मृदंग पर न कभी राग जयजयवंती गाया, न ही ऐसी किसी ताल को अपने शब्द स्वर दिए

**अलीम बजमी**

श्री महेश श्रीवास्तवजी। भोपाल दैनिक भास्कर के पूर्व संपादक। कवि, लेखक, पत्रकार। मध्यप्रदेश गान, नर्मदा एवं सिंहस्थ गानद्य के रचयिता। शुक्रवार 27 दिसंबर को उनका जन्म दिन हैं। वे युवा पत्रकारों के मार्गदर्शक है। प्रेरणा स्त्रोत है। मेरे जैसे सैकड़ों पत्रकार उनके शार्गिद हैं। हम सभी उनके दीर्घायु और चिरायु होने की मंगल कामना करते हैं। मोहक मुस्कान के साथ उनकी स्मरण शक्ति भी अद्भुत है। महेशजी की विशेषता ये है कि न तो कोई दंभ, न कोई अहंकार। सबके प्रति उनका व्यवहार आत्मीय। उनकी भाषा में माधुर्य है तो अपने शिष्यों को सरलता, सहजता से सीख देने का फन भी अनूठा है।

वे हिंदी साहित्य, परंपरा, भारतीय संस्कृति, राजनीतिक घटनाक्रमों आदि के जानकार के रूप में भी शब्द पालिका में पहचान रखते हैं। उनकी कविताएं, प्रकृति के नैसर्गिक सौंदर्य से साक्षात्कार कराती है। उनका लेखन आतिशी हैं। भाषा के सौंदर्य का खजाना उनके पास है। महेशजी ने अपने लेखन में शब्दों के चरित्र की मर्यादा का सदैव ख्याल रखा। पौराणिक प्रसंगों के उदाहरण से बात कहने का फन भी उनका अनूठा है। वे हिंदी भाषा के हिमायती के रूप में पहचान रखते हैं। दैनिक भास्कर में मैंने, संपादक के रूप में उनका कठोर व्यक्तित्व भी देखा। लेकिन सहयोगियों के बीच निर्मल हृदय के धनी के रूप में भी जाना। पत्रकारिता में व्यवस्था की मृदंग पर न कभी राग जयजयवंती गाया। न ही ऐसी किसी ताल को अपने शब्द स्वर दिए। कुर्सीदासों की महफिलों की रौनक भी कभी नहीं बने। सर या बास शब्द से हमेशा परहेज रखा। भाई साहब के नाम से हरेक के बीच लोकप्रिय हैं।

भोपाल में हिंदी पत्रकारिता को उसका ध्येय पथ दिखलाने में उनकी अहम भूमिका रही। उनके लेखन में हिंदी पत्रकारिता और हिंदी साहित्य का सम्मिश्रण कई अवसरों पर नजर आया तो पत्रकारिता के माध्यम से भारतीय संस्कारों की अलख को सदैव ज्योति देने का काम किया। कई अवसरों पर प्रतीत हुआ कि हिंदी शब्द संपदा का उनके पास अथाह भंडार है। उनका शब्दानुशासन अद्भुत, प्रेरक के रूप मे हैं। उन्हें शब्द साधक के रूप में भी संबोधित किया जाता हैं। उनके लेखन में प्रकृति, लोकतत?व, बौद्धिकता, सर्जनात?मकता, का?यात?मकता भी देखने को मिलती है। कई अवसरों पर पौराणिक प्रसंगों के माध्यम से पाठकों को भारतीयता, दर्शन, अध्यात्म आदि का साक्षात्कार कराया। सरल-सहज शब्दों में कहे तो मर्म को समझाया। यही कारण था कि वर्ष 1980 से 2000 तक विशेष संपादकीय के रूप में उनके लेखन को देश के कोने-कोने में सराहा गया। महेशजी ने अपने पत्रकारीय जीवन में लोक हित के मुद्दों को ज्ञान और विचारों की समीक्षात्मक टिप्पणियों के साथ जन-जन तक पहुंचायां। पत्रकार एवं कवि के रूप में वे अपने कार्यों, कर्तव्यों और लक्ष्यों का विवेचन भी करते। उनका यह गुण अन्य पत्रकारों में दिखाई नहीं देता। सदैव निष्पक्ष, निर्भीक एवं आदर्श पत्रकारिता के निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त किया। वे जानते हैं कि पत्रकारिता समय के साथ समाज की दिग्दर्शिका और नियामक इकाई है। खबर पालिका में भाषा की दृष्टि से विविधता और बहुरूपता मिलेगी। नए-नए प्रयोग, किस्से, कहानियां, आरोप-प्रत्यारोप आदि चुनौतियों के रूप में सामने आएंगे। इसको ध्यान में रखते हुए उन्होंने अपने संपादकीय कार्यकाल में अत्यधिक सतर्कता बरती। इसकी सीख भी अपने शिष्यों को दी। यही कारण था कि उनका कैरियर काजल की कोठरी में बेदाग है। इसका उल्लेख इसलिए भी कि पत्रकारों को भटकाव के लिए राजनीति, प्रशासन से जुड़ा एक वर्ग सदैव तत्पर रहता हैं।



वहीं, पत्रकारिता में महेशजी द्वारा पल्लवित, पोषित और विकसित सैकड़ों पत्रकार आज भी उनके बताए मार्ग पर चलते हुए नैतिकता, मर्यादा, शुचिता की ज्योत जलाएं हुए हैं। इसके लिए आदरणीय महेशजी को साधुवाद। धन्यवाद। विनम्रता पूर्वक आभार भी। हांलाकि शहर में प्रगतिशीलों की जमात उनसे वैचारिक फासला रखती है लेकिन उनकी मेधा और व्यक्तित्व की महनीयता को मान देने में कभी पीछे नहीं रही।

अब थोड़ा फ्लैश बैक में चले तो ये जानिये- सादगी पसंद महेशजी ने पत्रकारिता की शुरुआत बतौर रिपोर्टर 1960 के दशक से शुरू की। अंग्रेजी में पोस्ट ग्रेज्युट होने के कारण बतौर लेक्चरर उनको सरकारी नौकरी मिल गई। लेकिन सरकारी नौकरी में दिल नहीं रमा। वकालत की भी डिग्री भी उन्होंने ली थी लेकिन व्यवस्था के खिलाफ उनके हृदय में जलती ज्योत पत्रकारिता में खींच लाई। दिल्ली से प्रकाशित होने वाली पत्रिकाओं में छपने लगे। यद्यपि महेशजी की कलम का जादू था कि दिल्ली से लेकर यूपी तक के कुछ अखबारी घराने उन्हें अपने से जोड़ने को इच्छुक थे लेकिन भास्कर के प्रति निष्ठा ऐसी कि महेशजी ने भोपाल नहीं छोड़ा। वे भास्कर में पदोन्नत होते-होते संपादक जैसे महत्वपूर्ण पद पहुंचे। करीब 12 साल तक इस पद का जिम्मा संभाला। सेवानिवृत होने के एक साल बाद वे संस्थान से विदा हुए। हालांकि सेवानिवृति के बाद भास्कर पत्र समूह के चेयरमैन स्वर्गीय श्री रमेश चंद्र अग्रवालजी ने उन्हें संपादकीय सलाहकार के रूप में एक साल तक रोके रखा लेकिन दिसंबर 2001 में उन्होंने रमेशजी से आग्रह करते हुए भास्कर से विदाई ले ली।

इस नाचीज को महेशजी के अधीनस्थ करीब बीस साल तक संपादकीय विभाग में काम करने का मौका मिला। महेशजी ने ही मुझे बतौर प्रूफ रीडर के रूप में नियुक्ति दी थी। बाद में उन्होंने ही रिपोर्टर बनाया। भास्कर में सेवाएं देते हुए मैंने महेशजी को बहुत करीब से देखा। वे हमेशा लम्बेरेटा स्कूटर से चलते। आसमानी कलर की वो स्कूटर उनके जीवन के कई बसंत की गवाह रही। दफ्तर में संपादक के रूप में काफी सख्त मिजाज रखते। लापरवाही कभी बर्दाश्त नहीं करते। डांटते भी खूब। अनुशासन में सबको बांधकर रखते। यद्यपि कई बार कोई बड़ी गलती होती तो महेशजी के धमूके (मुक्के) खाने को मिलते। कई अवसरों पर न्यूज रूम के बोझिल माहौल को वे हास-परिहास और ठहाकों से भी दूर करते। इसके इतर उनका चेहरा एक अभिभावक के रूप में भी रहा। उदाहरण के रूप में भास्कर में नौकरी करता हुआ पोस्ट ग्रेज्युट हुआ। परीक्षा के दिनों में महेशजी मुझसे कोई काम नहीं कराते लेकिन पूरे समय दफ्तर में बैठकर पढ़ना होता और परीक्षा देने के बाद उनके पास सीधे जाना पड़ता कि पेपर कैसा हुआ।

किसी भी खबर को लेकर उनका फोकस कंटेट पर रहता। विशेष अवसरों पर पहले पेज की वे खुद डमी बनाते। उस दिन पेज के सभी शीर्षक उनके होते। पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या वाले दिन उन्होंने पूरा अखबार अन्य खबरों से खाली करा दिया था। उनका मत था कि पाठक सिर्फ इंदिराजी से जुड़े पहलुओं के बारे में जानना चाहेगा। उस दिन उनकी लिखी विशेष संपादकीय काले सूरज का दिन ने लोगों की आंखों को नम कर दिया था।

इस घटना के कुछ ही दिन बाद भोपाल में विश्व की सबसे बड़ी औद्योगिक त्रासदी यानी गैस कांड हुआ। इस घटना से पूरे विश्व को स्तब्ध कर दिया। तब महेशजी की लाशों से उठा सवाल शीर्षक से लिखी विशेष संपादकीय को काफी सराहना मिली थी। इसी प्रकार अर्जुन सिंह के मुख्यमंत्री पद से हटने पर उन्होंने- हे, अर्जुन हर मनुष्य अपनों कर्मों का ही फल यही भोगता होता है, शीर्षक से विशेष संपादकीय लिखी, जिसकी देश में काफी चर्चा हुई। सुंदरलाल पटवा के मुख्यमंत्रित्व काल में 27 हजार कर्मचारियों के तबादले होने पर उन्होंने तीखे शब्दों में अपनी नाराजगी जताते हुए विशेष संपादकीय श्रीमान कर्मचारी फुटबाल नहीं होते शीर्षक से लिखी। इसका असर ये हुआ कि थोक में जारी तबादला आदेश वापस हुए। इसी तरह की उनकी एक विशेष संपादकीय स्वागत है, लालकृष्ण आडवाणी की गिरफ्तारी का, भी खूब चर्चा में रही। वे भोपाल के पहले ऐसे संपादक रहे, जिन्हें राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के दल के साथ कई बार विदेश जाने का मौका मिला।

अब बात महेशजी के संपादकीय व्यवहार की। वे अपने सहयोगियों से कितना स्नेह रखते थे, इसका एक उदाहरण। नसरुल्लागंज के संवाददाता रेवाशंकर शर्मा ने सीहोर जिले से अवैध बस संचालन को लेकर एक खबर की। खबर के प्रकाशन से नाखुश हुए बस मालिक ने श्री शर्मा पर जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना से महेशजी इतने व्यथित हुए कि उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री मोतीलाल वोरा के समक्ष अपनी नाराजगी जताई। वोराजी उनके तेवर को समझते हुए बोले- वे खुद शर्माजी को देखने अस्पताल जाएंगे। दोषियों को 24 घंटे के अंदर कानून के शिकंजे में कस लिया जाएगा। हुआ भी ऐसा ही। यही नहीं दफ्तर में कोई साथी बीमार होता तो महेशजी उसके स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहते। कुछ की ड्यूटी उस साथी की मदद के लिए लगा देते। दफ्तर में उनकी प्राथमिकता सहयोगियों को भाषा के संस्कार देने की हमेशा रही। भाषा को लेकर वे सबको समय-समय पर सचेत करते। नवोदित पत्रकारों के लिए वे हमेशा प्रेरक रहे। इसकी वजह उनका लेखन और प्रोत्साहन करने वाला चरित्र। वे खुद प्रयोगधर्मी रहे तो लेखन में भी नए प्रयोग करने के पक्षधर रहे।

यद्यपि हुक्मरानों से रिश्ता और उनकी कृपा पाने के अभिलाषियों में पत्रकारों का एक वर्ग सक्रिय रहता। ये वर्ग अब भी विद्यमान है। लेकिन महेशजी को पूर्व मुख्यमंत्री श्री मोतीलाल वोरा, श्री सुंदर लाल पटवा,श्री दिग्विजय सिंह, श्री बाबूलाल गौर ने कई बार सरकारी बंगला देने की पेशकश की। लेकिन उन्होंने उसे अत्यंत विनम्रता से अस्वीकार कर दिया। उनका मानना था कि सरकार से एक बार मदद लेने के बाद कहीं-न-कहीं वह बोझ मुझे स्वतंत्र रूप से लिखने में बाधक बनेगा। जाने-अनजाने में ही सही उनको यह कृपा कचोटेगी। इस कारण पुराने शहर के शाहजहांनाबाद में स्थित रामनगर कॉलोनी में वे लंबे समय तक रहे। हांलाकि यहां उन्हें कई तरह की व्यवहारिक कठिनाई होती। लेकिन वे संतोष करते। महेशजी को महाभारत और रामायण के कई पौराणिक प्रसंग कंठस्थ है। खास तौर पर महाभारत कथा में कुंती पुत्र कर्ण उनके प्रिय पात्रों में रहा। कर्ण के व्यक्तित्व और कृतित्व का वर्णन करने का उनका अलहदा लहजा है। वो भी अनूठा। कर्ण पर उन्होंने पुस्तक भी लिखी हैं। पत्रकारिता में उत्कृष्ट अवदान के लिए उन्हें गणेश शंकर पत्रकारिता पुरस्कार 2012 से भी नवाजा गया। इसके अलावा उन्हें असंख्य पत्रकारिता सम्मान पुरस्कार भी मिले हैं।

इतिहास रच दिया- महेशजी ने मध?यप्रदेश से अपने रिश्ते का अहसास कराते गीत की रचना करके इतिहास रच दिया। बहुत कम लोगों को पता होगा कि मप्र की स्थापना के पांच दशक होने पर मध्यप्रदेश गान की परिकल्पना की गई। प्रदेश के कई गीतकारों से गीत लिखवाए गए। उन गीतों पर काफी मंथन हुआ। यह बात वर्ष 2008-09 की है। लेकिन आम राय नहीं बनी। ऐसे में महेशजी से आग्रह किया गया तो उन्होंने मध्यप्रदेश की प्रकृति, उसके नैसर्गिक चरित्र, कला, सौंदर्य से लेकर दर्शन, शौर्य, पराक्रम, इतिहास, सामाजिक सरोकार और वर्तमान को समाहित करते हुए गीत लिखा। इस गीत को आम राय से राज्य शासन का अधिकारिक मध्यप्रदेश गान माना गया। गीत का पहला मुखड़ा इस प्रकार से है- सुख का दाता सब का साथी शुभ का यह संदेश है, मां की गोद, पिता का आश्रय मेरा मध्यप्रदेश है। विंध्याचल सा भाल नर्मदा का जल जिसके पास है, यहां ज्ञान विज्ञान कला का लिखा गया इतिहास है।

अंत में- आदरणीय महेशजी को जन्म दिन की बहुत-बहुत बधाई। वे सदैव स्वस्थ रहे। इस मंगल कामना के साथ उनका आशीर्वाद एक गुरू, अभिभावक और बड़े भाई के रूप में मुझे सदैव मिलता रहे।

# नया साल मनाने जा रहे बेटे बेटियों को सावधान करें

**--रमेश शर्मा**

केवल भारत ही नहीं पूरी दुनियाँ नया साल मनाने की तैयारी हो रही है । नदियों झील, समन्दर और पहाड़ों के पर्यटन स्थल और महानगरों में बार, होटल रेस्टोरेंट बुक हो चुके हैं । लेकिन एक बात समझ लें। गत वर्ष सौ से अधिक युवा घर लौट ही नहीं सके थे । वे या तो या तो नशे में गाड़ी चलाने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुये अथवा नशे में हुये झगड़ों का शिकार बने थे। घायलों की संख्या भी सैकड़ों में रहीं। गत वर्ष केवल उत्तराखंड के पर्यटन स्थलों पर छै मौतें, पचहत्तर घायल हुये थे । आपसी झगड़ों में पुलिस ने आधीरात को 55 युवा बंदी बनाये थे ।

वर्ष 2024 के समापन के पल समीप आ गये । भारत में यह वर्ष अनेक उपलब्धियों की सौगात देकर विदा हो रहा है । पूरी दुनियाँ के साथ भारत में भी नववर्ष के स्वागत की तैयारी के समाचार मीडिया में आने लगे। यह तैयारी पर्यटन स्थलों, होटल, बार, रेस्टोरेंट आदि में अधिक है । अंग्रेज क्रिसमस की इन छुट्टियों में मंसूरी नैनीताल आदि पहाड़ों पर जाया करते थे । अंग्रेज भले चले गये छुट्टियों में पहाड़ों पर जाने की परंपरा छोड़ गये । हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी पहाड़ों के अधिकांश होटल बुक हो चुके हैं । पिछले वर्ष तो रास्ते में पाँच-पाँच किलोमीटर के जाम लगा था । इसके अतिरिक्त वर्ष हजारों लाखों लोगों द्वारा अपने नगर के होटलों में पार्टी देने की ही नहीं, कमरों की बुकिंग भी हो गई है।

समय की तेज गति से अब यह प्रश्न पीछे छूट गया कि भारतीय परंपरा में नया साल कब आता है और कैसे मनाया जाता है। भारतीय शासन व्यवस्था और समाज जीवन एक जनवरी को नया साल मनाने की परंपरा में ढल गया है । दैनिक जीवन के कार्य ही नहीं अब तो जन्म पत्रिकाएँ भी अंग्रेजी वर्ष के दिनांक से बनती हैं। कुण्डली दिखाने के लिये भी अंग्रेजी दिनांक ही दी जाती है। यह आधुनिक नया साल प्रात:कालीन सूर्योदय से आरंभ नहीं होता । यह आधी रात से होता है। नये साल का उत्सव भी आधी रात को मनाया जाता है। आधी रात के इस उत्सव की दो विशेषताएँ होतीं हैं। एक यह उत्सव बिना शराब पार्टी के पूरा नहीं होता और दूसरा अधिकांश आयोजनों में स्त्री पुरुष साथ होते हैं । हालाँकि कुछ पार्टियों में परिवार और पारिवारिक मित्रों के साथ होती हैं। लेकिन अनेक पार्टियों में भाग लेने वाले जोड़े, पति पत्नि नहीं, मित्र होते हैं। इनमें अधिकांश वे युवा होते हैं जो पढ़ाई या जॉब के लिये घरों से बहुत दूर रहते हैं।

पिछले साल नववर्ष की रात जो घटनाएँ घटीं थीं उनमें अधिकांश इसी प्रकार के समूहों के बीच घटीं थीं। जो हत्या, प्राण घातक मारपीट, बलात्कार, बलात्कार का प्रयास और बेहद घटिया छेड़छाड़ से भरीं थीं। वर्ष 2022 और 2023 के बीच एवं वर्ष 2023 और 2024 के बीच मनाये गये नववर्ष उत्सव की मध्य में रात्रि 10 बजे से 2-30 बजे के बीच केवल साढ़े चार घंटे में देश की राजधानी दिल्ली में कुल बत्तीस बड़े अपराध घटे थे । जिसमें उन्नीस बहुत गंभीर थे। इनमें चार मर्डर और बारह बलात्कार एवं बलात्कार का प्रयास थे । यदि इसमें दून, मुम्बई, बंगलूर, हैदराबाद, चैन्नई आदि 17 महानगरों के आँकड़े जोड़ें तो बड़े अपराधों की यह संख्या सौ से अधिक होती है। गत वर्ष केवल उत्तराखंड के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर झगड़े और दुर्घटनाओं में छै मौतें हुईं थीं। इनमें दून में चार, लालकुआँ भीमताल में एक और हल्द्वानी में एक मौत हुई थी । शराब के नशे में आधीरात को जो झगड़े हुये उनमें कुल 55 लोग बंदी बनाये गये थे। इनमें अकेले दून में तीस लोग बंदी बनाये गये थे । इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ के जशपुर में एक कार पेड़ से टकराई चार मौतें, झारखंड में छै, हापुड़ में दो, जमशेदपुर में छै मौतें हुई थी। नेशनल सिक्युरिटी काउन्सिल द्वारा जारी आँकड़ों के अनुसार देशभर नववर्ष की रात को कुछ 104 मौतें हुईं थीं।

गतवर्ष अर्थात 2023 की 30 एवं 31 दिसम्बर तथा वर्ष 2024 की एक जनवरी के इन तीन दिनों में कुल 308 मौतें हुईं थीं। दो वर्ष पहले दिल्ली में एक बेटी को लगभग चौदह किलोमीटर घसीटा गया था । यह घटना सुल्तानपुरी इलाके में घटी थी। वह 20 अंजलि थी ।उसकी हड्डियां घिस चुकी थीं। शरीर पर एक भी कपड़ा नहीं था। यह घटना मीडिया की सुर्खियाँ में आई थी इसलिए दो साल बाद अब भी सबके ध्यान में है लेकिन बाकी सब घटनाएँ एक दिन से आगे न बढ़ सकीं थीं। गत वर्ष नशे की पार्टियों से अलग कुछ टोलियाँ ऐसी भी थीं जो नया साल मनाने किसी होटल में नहीं धार्मिक स्थलों पर गये थे ।

नववर्ष पर ऐसी ही एक वैष्णों देवी से लौटते समय घटी। तेज रफ्तार गाड़ी खाई में गिरी और बारह लोग मारे गये । इन दुर्घटनाओं में मारे जाने वाले कितने ही युवा अपने माता पिता की इकलौती संतान थे। और वे बेटियाँ जो उत्साह से नववर्ष मनाने गईं लेकिन बलात्कार या बलात्कार के प्रयास का शिकार हुईं । उनकी मनोदशा की कल्पना भी नहीं की जा सकती। वे पीड़ित प्रताड़ित युवा और उनके परिवार ये दर्द जीवन भर नहीं भूलेंगे।

अपराध के ये आकड़े पहले नहीं हैं। हर साल ऐसी घटनाएँ घटतीं है । नववर्ष मनाने के पिछले दस वर्षों में ऐसी घटनाओं के आँकड़े लगातार बढ़ रहे हैं। ये आँकड़े वे हैं जो पुलिस तक पहुंचे। छेड़छाड़ आदि की कितनी घटनाएँ ऐसी होंगी जो पुलिस तक नहीं पहुँच सकीं। इसका कारण यह है कि नववर्ष की पार्टी केलिये उत्साह का अतिरेक और नशा विवेक को शून्य कर देता ह। जिससे वह न तो अपने भविष्य का आकलन कर पाता है और न पिछली घटनाओं से कोई सबक ही लेता है । इस वर्ष भी यही हो रहा है।

नववर्ष उत्सव मनाने की तैयारी के जो समाचार आ रहे हैं वे पिछले वर्ष से बहुत अलग नहीं है । इसे हम महानगरों के होटल बार और रेस्टोरेंट की बुकिंग से समझ सकते हैं। पर्यटन स्थलों पर जाने वाले मार्गों पर ट्रैफिक बढ़ गया है। यह ठीक है कि दुर्घटनाएँ सभी के साथ नहीं घटतीं। अधिकांश लोग हँसी खुशी से ही लौट आयेंगे। और नववर्ष उत्सव के आनंद को मित्रों से साँझा करेंगे। पिछले सालों में भी ऐसा हुआ है। लेकिन सभी ऐसी सौभाग्यशाली नहीं होते। लेकिन जिन बेटे बेटियों का जीवन और मान संकट में पड़ता है उनकी क्षति की भरपाई कभी नहीं होती । इसलिए सावधानी और समझ दोनों आवश्यक हैं। किन मित्रों के साथ नया साल मनाना यह विचार आवश्यक है । जो युवक युवतियाँ अपने मित्रों के साथ नया साल मनाने जा रहे हैं तो सावधानी बरते । सावधानी हटी दुर्घटना घटी....!

# एक अलग ही व्यक्तित्व था समाजवादी नेता सविता वाजपेई का

**प्रलय श्रीवास्तव**

पूर्व मंत्री एवं प्रख्यात समाजवादी नेता रही श्रीमती सविता वाजपेई का व्यक्तित्व बहुमुखी था । समाज सेवा में उनका योगदान प्रारंभ से ही रहा। वे ग्रहणी होने के साथ ही चिंतक, विचारक और अच्छी वक्ता भी थी। मुझे याद है प्रोफेसर कॉलोनी के दिन जब 1977 में जनता पार्टी शासनकाल में वे सीहोर से विधायक चुनी गई थी। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरेंद्र कुमार सकलेचा के पहले मंत्रिमंडल में उन्हें राज्य मंत्री के रूप में शामिल किया गया था। लेकिन उन्होंने राजनीति कारणों से शपथ लेने से इंकार कर दिया था। चूंकि जनता पार्टी में अनेक राजनीतिक दलों का विलय हुआ था, जिनसे मिलकर जनता सरकार का गठन हुआ था। कुछ राजनीतिक दलों के समीकरण बिगड़ने लगे तो सविता वाजपेई ने मंत्री बनने से इनकार कर दिया था । प्रोफेसर कॉलोनी में मेरे घर के पीछे उनका घर था। सीहोर की जनता ने दो दिन तक श्रीमती सविता वाजपेई के घर के सामने प्रदर्शन किया तथा तथा नारा लगाया कि सविता जी आप शपथ लो हम आपके साथ हैं। लेकिन सविता वाजपेई जी ने अपना दृष्टि अपने निर्णय पर कायम रही। फिर जब उन्हें ऊपर से निर्देश मिले तब उन्होंने राज्य मंत्री पद की शपथ ली थी । मेरी जानकारी के अनुसार तब जनता पार्टी के एक बड़े नेता शायद श्री मधु लिमये जी ने उनसे फोन पर कहा था सविता जी लोग मंत्री बनने के लिए क्या कुछ नहीं करते और आप इंकार कर रही हैं, जाइए और शपथ लीजिए । तब उन्होंने शपथ ग्रहण की थी । क्योंकि सविता वाजपेई जी का व्यक्तित्व था ही विरला । पचास साल के कॉलेज और नौकरी के दौरान मुझे राजनीति में उन जैसी हस्तियां कम ही देखने को मिली हैं । उनके बारे में यह भी कहा जाता है कि सविता वाजपेई जी 1967 से पति पत्रकार श्री बालमुकुंद भारती को आवंटित प्रोफेसर कॉलोनी के जिस ई 179 /4 सरकारी मकान में रहती थी, आज



अंतिम दिन तक उसी में रही। जबकि जनता पार्टी के 1977- 80 के शासनकाल में तीन मुख्यमंत्री के मंत्रिमंडल में वे क्रमश: राज्य मंत्री, मंत्री रही। तब भी उन्होंने इस ई टाइप के सरकारी मकान को नहीं छोड़ा। जबकि तत्कालीन मुख्यमंत्री ने उन्हें बड़े बंगले में शिफ्ट होने के लिए कहा था ,लेकिन वह अपने इसी छोटे मकान में रहती रही और आज जब उनका दुखद निधन हुआ तो उनकी अंतिम यात्रा भी इसी सरकारी मकान से निकली। हम लोग छोटे थे, छत पर पढ़ते थे और छत से ही उनके मंत्री निवास की हलचल देखा करते थे । सविता वाजपेई जी का व्यक्तित्व निराला और विरला ही था। ऐसा ही एक और किस्सा है कि जब वह तीन बार मंत्री बनी तो उन्होंने सरकारी सुरक्षा लेने से इंकार कर दिया था। इसके पीछे उनका तर्क था कि जब मेरे पति ने मेरी सुरक्षा की जिम्मेदारी ली है तो मुझे सरकारी सुरक्षा की आवश्यकता नहीं है। श्रीमती सविता वाजपेई का व्यक्तित्व इसलिए भी महान कहा जाएगा कि वह सादगी पसंद महिला थी और दिखावा उन्हें पसंद नहीं था। उस दौरान सुबह से उनकी दिनचर्या समाज सेवा के साथ शुरू होती थी और शाम हम प्रोफेसर कॉलोनी के बच्चों के साथ बीतती थी ।जहां उनकी राष्ट्रीय सेवा दल की शाखा में हमें नैतिक शिक्षा,संस्कार और आदर्शों की शिक्षा मिलती थी। कभी-कभी हाकी मैच के लिए भी हमें लाल परेड मैदान भी ले जाती थी। गर्मियों की छुट्टी में उन्होंने अपने गैराज में पुस्तकालय भी शुरू कराया था। जिसमें हम बच्चे बैठकर लोटपोट, नंदन, पराग आदि बाल साहित्य का आनंद लिया करते थे । तो कुल मिलाकर यह कहा जाएकि सविता वाजपेई न सिर्फ राजनेता बल्कि हम सब बच्चों की भी प्रेरणास्त्रोत , मार्गदर्शक, आदर्श महिला थी, जिन्होंने हमें मां का दुलार दिया और हमें सही रास्ते पर चलना सिखाया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

## वीर बाल दिवस मनाया, बाल दिवस पर चार साहिबजादो की शहादत को किया स्मरण



ओबैदुल्लागंज( संबाददाता)- उमरिया स्थित गुरुद्वारा में वीर बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर गुरु गोबिन्द सिंह जी महाराज के साहिबजादों को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष रजिंदर सिंह ने बोला की दशमेश गुरु गोबिंद सिंह जी सहित उनके पूरे परिवार ने धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया। आप सबकी वीरता, शौर्य और साहस की कहानियां सदैव हम भारतवासियों को धर्म की रक्षा एवं मानवता की सेवा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने की प्रेरणा प्रदान करती रहेंगी।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ भूपेन्द्र नागर , देवेंद्र सिंह राजू, सुरजीत सिंह बिल्ले, नरेंद्र सिंह गिल, पवनज्योत सिंह,हरजीत सिंह काके, कपिल सिंह, हरजीत सिंह मंगू, लखविंदर सिंह (लकी भैया), मनजीत सिंह, हरदीप सिंह, भाजपा नेता नरेंद्र शर्मा, रविंद्र विजयवर्गीय, अशोक यादव, आनंद पांडेय, माधव यादव, नरेश सेठी, सुजीत यादव,मनोज चौरसिया, दिनेश यादव, कोमल सिंह चौहान , पुरषोत्तम शर्मा,संजू चौकसे आदि उपस्थित थे

## प्रभारी मंत्री वर्मा का प्रवास कार्यक्रम

सिवनी । प्रदेश शासन के राजस्व मंत्री एवं जिलें के प्रभारी मंत्री करण सिंह वर्मा प्राप्त अधिकृत कार्यक्रम अनुसार शुक्रवार 27 दिसम्बर को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ सिवनी पहुँचकर स्वामित्व योजना के राज्यस्तरीय हितलाभ वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रभारी मंत्री श्री वर्मा मुख्यमंत्री डॉ यादव के साथ प्रातः 10¬05 बजे स्टेट हेंगर भोपाल से सिवनी के लिए प्रस्थान कर प्रातः 11¬15 बजे सिवनी पहुँचकर राज्यस्तरीय कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत दोपहर 2 बजे सिवनी से भोपाल के लिये प्रस्थान करेगें।

## अटल जी की जन्मजयंती मनाई गयी



*शाजापुर* /आदर्श ग्राम पंचायत अभयपुर में सुशासन दिवस के उपलक्ष्य पर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेई जी कि 100 वी जन्म जयंती मनाई गई उक्त आयोजन में मुख्य अतिथि श्री खुमान सिंह जी पाटीदार विशेष अतिथि श्री पंडित मनोज जी नागर अध्यक्षता ग्राम प्रधान श्री जितेंद्र जी पटेल की उपस्थिति में मुख्य वक्ता श्री रामदयाल जी पाटीदार ओर श्री जितेंद्र जी पाटीदार श्री रवि जी और श्री नंदकिशोर जी विश्वकर्मा द्वारा श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डाला और ग्रामीण जनों से श्री अटल जी दिखाए गए मार्ग का अनुशरण करते हुए राष्ट्र निर्माण ओर जन सेवा में अपनी सहभागिता निभाने की निवेदन किया और आभार बुथ अध्यक्ष श्री निर्मल जी पाटीदार ने व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविर संपन्न



**छतरपुर।** नगर पालिका छतरपुर द्वारा निकाय में मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के तहत हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी माधुरी शर्मा के निर्देशन में उक्त शिविरों का आयोजन किया गया। शिविर में कुल आवेदन 2547 प्राप्त हुए, जिसमें 860 आवेदन स्वीकृत कर हितग्राही लाभान्वित हुए। लंबित आवेदन समयसीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि केन्द्र और राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं से शत-प्रतिशत हितग्राही लाभान्वित हुए। कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत पात्र माता-पिता को लाड़ली लक्ष्मी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। और कहा कि जो पात्र हितग्राही लाभ लेने से वंचित रह गए वह अपना आवेदन नगरपालिका कार्यालय में प्रस्तुत करें। एफएलसी एसबीआई हरिशचन्द्र नापित ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना 436 रुपए और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना 20 रुपए की वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपए का बीमा कवर भारत सरकार द्वारा प्रदान किया जाता है एवं बचत खाता में नॉमिनी जरूर कराने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर पार्षद सुनीता चतुर्वेदी, रामदयाल यादव, पार्षद प्रतिनिधि पुष्पेंद्र कुशवाहा, डॉ. जयराम दुबे, सिटी मिशन मैनेजर सीपी गुप्ता, सुपरवाईजर उपमा श्रीवास्तव, गणेश ताम्रकार, उमाशंकर खरे, आदर्श सोनी, सुदीप तिवारी, रामसिंह राय, सुरेन्द्र निगम, पुष्पेंद्र यादव, रामसिंह राय, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं अधिकारी-कर्मचारी सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 4.05 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**छतरपुर।** म.प्र. शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल द्वारा छतरपुर जिले के गंभीर बीमारी से पीड़ित 11 लोगों को बेहतर उपचार के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से हितग्राहियों को 4.05 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। हितग्राही भागीरथ साहू निवासी वार्ड नं.34 को 40 हजार, प्रमोद यादव निवासी वार्ड नं. 8 को 30 हजार, चंद्रप्रकाश तिवारी निवासी वार्ड नं. 39 को 50 हजार, महेंद्र कुमार जैन निवासी वार्ड नं. 21 छतरपुर को 45 हजार, कमला रजक निवासी वार्ड नं. 9 खजुराहो को 25 हजार, मनोरमा गुप्ता निवासी वार्ड नं.12 नौगांव को 40 हजार, गायत्री यादव निवासी देवपुर को 25 हजार, अगस्त्य पटेल निवासी ग्राम खजवा तह. राजनगर को 50 हजार, सुशीला शुक्ला निवासी ग्राम लखेरी तह. राजनगर को 40 हजार, बेबी ऑफ शिरीन नसीम वार्ड नं. 15 नौगांव को 25 हजार एवं बेबी ऑफ रजनी यादव निवासी ग्राम रमपुरा जिला छतरपुर को 35 हजार को की आर्थिक सहायता राशि दी गई है।

# ईडब्ल्यूएस योजना पर पानी फेर रहा है बैंक: राजिक अकील

**सिवनी**- केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्लूएस) पर पंजाब नेशनल बैंक फेर रहा है पानी, प्रेस को जारी विज्ञप्ति में नगरपालिका स्वास्थ्य सभापति राजिक अकील ने बताया कि सिवनी नगरपालिका ने प्रधानमंत्री आवास आर्थिक रूप से कमजोर (ईडब्लूएस)) हितग्राहियों के लिए ग्राम कंडीपार में 1200 सौ आवासों का निर्माण प्रारंभ करवाया, कमीशन खोरी के चलते मोंटोकार्लो कम्पनी ने जो कि उक्त आवासों की ठेकेदार कम्पनी थी, जिसने मात्र 116 आवासों का कार्य अधूरा छोड़कर सिवनी नगरपालिका के अधिकारियों से सॉठ-गॉठ कर उसके द्वारा किये गये कार्य के अतिरिक्त लगभग 4 करोड़ रूपय का अग्रिम भुगतान लेकर आवास कार्य बंद कर फरार हो गई थी। 2018 से 2022 तक सिवनी नगरपालिका ने कंडीपार में निर्माणाधीन आवास का कार्य प्रारंभ कराने और ना ही ठेकेदार को अग्रिम भुगतान की राशि वसूली के संबंध में कोई प्रयास किया। 2022 में नई परिषद के गठन के बाद मोन्टोकार्लो कम्पनी से पत्राचार कर उसे अग्रिम भुगतान राशि की वसूली के लिए कहा गया अन्यथा कानूनी कार्यवाही करने की बात कही गई। उक्त ठेकेदार द्वारा 4 करोड़ रू. अग्रिम और 2 करोड़ रूपय ब्याज की राशि नगरपालिका सिवनी को लौटाया। उसके बाद सिवनी नगरपालिका ने कंडीपार में अधूरे पड़े आवासों का कार्य प्रारंभ कराया जो कि प्रधानमंत्री आवास के 116 भवनो का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है यह आवास हितग्राहियों को आवंटन की राह देख रहें है।

यहॉ यह बताना उचित होगा कि अगस्त 2018 में आर्थिक रूप से कमजोर 116 हितग्राहियों ने सिवनी नगरपालिका में कंडीपार में आवास प्राप्त करने के लिए 20 हजार रू. की राशि ब्याज से ऋण लेकर, गहने बेचकर जमा इस उम्मीद के साथ की कि उन्हें शीघ्र ही प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिल जायेंगा। प्रधानमंत्री आवास में एक मकान की कीमत 4 लाख 50 हजार रू. ऑकी गई, जिसमें 20 हजार रू. हितग्राही से नगद, 1 लाख 80 हजार रू. पंजाब नेशनल बैंक से हितग्राही के नाम से ऋण, 2 लाख 50 हजार रू. शासन से मिलना था। पंजाब नेशनल बैंक द्वारा प्रधानमंत्री आवास के 82 हितग्राही के ऋण के लिए समस्त दस्तावेज जमा होने के बाद भी मात्र 2 हितग्राहियों के ऋण स्वीकृत किये है, 80 हितग्राहियों को पंजाब नेशनल बैंक ऋण नही दे रहा है कभी बैंक प्रबंधन, कभी स्टाफ की कमी बताकर हितग्राहियों को परेशान कर रहें है।

एक ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री मोहन यादव अपने भाषणों में शासकीय योजनाओं में हितग्राहियों के लिए बैंक गैरंटी बनने की बात करते है वही दूसरी ओर पंजाब नेशनल बैंक के प्रबंधक और अधिकारी प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा किये गये वादो को सिरे से नकारते नजर आ रहें है। पंजाब नेशनल बैंक सिवनी के रवैये से वर्षो से प्रधानमंत्री आवास का सपना देख रहे हितग्राहियों को आज दिनांक तक पूर्ण हो चुके प्रधानमंत्री आवास का लाभ नही मिल पाया है।

## वीर बाल दिवस का हुआ आयोजन



महिला एवं बाल विकास विभाग भीकनगांव मे तत्वाधान में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दीप ज्योति पब्लिक स्कूल भीकनगांव, आंगनवाडी केन्द्र वार्ड क्रं. 08 एवं आंगनवाडी केन्द्र वार्ड 15 में किया गया है। दीप ज्योति पब्लिक स्कूल भीकनगांव मे परियोजना अधिकारी राजेश केरावत द्वारा वीर बाल दिवस के आयोजन का महत्व बताया गया। शिक्षिका तनप्रीत कौर द्वारा गुरू गोविंद सिंह के शहजादे के अमर बलिदान की कहानी सुनाई गई। उन्होंने बताया कि किस प्रकार दो नन्हे बालकों को वजीर खान ने दीवार में चुनवा दिया गया। आयोजन में दीप ज्योति पब्लिक स्कूल भीकनगांव के डायरेक्टर श्री अरविंद जैन, प्रिंसिपल श्रीमती प्रिंयका जैन, स्कूल के शिक्षक चित्रेश जैन, तनप्रीत सलुजा, रोशनी लश्करी, अमृत सलुजा, शिवानी गुप्ता, बसंत संजानिया आदि उपस्थित थे।

आंगनवाडी केन्द्र वार्ड क्रं.08 मे विकाखंड समन्वयक श्री प्रवीण नायक द्वारा केन्द्र पर उपस्थित बच्चों को वीर बाल दिवस का महत्व बताया गया। इस दौरान आंगनवाडी कार्यकर्ता श्रीमती सुषमा मंडलोई, तरंग वाजपेयी, टीना नामदेव अनिता गंगराडे आदि उपस्थित थे। आंगनवाडी केन्द्र वार्ड क्रं.15 मे सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती भारती शारदे द्वारा केन्द्र पर उपस्थित बच्चो को वीर बाल दिवस का महत्व बताया गया।

## युवाओं को साहिबजादों के आदर्शों से जोड़ना भाजपा का संकल्प, चन्द्र भान सिंह गौतम



छतरपुर,। वीर बाल दिवस के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम ने भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, यह दिन हमें सिख समुदाय के अद्वितीय इतिहास और वीर साहिबजादों की महान शौर्य गाथा को याद दिलाता है, जिन्होंने अपने धर्म, देश और संस्कृति की रक्षा के लिए सबकुछ न्योछावर कर दिया।

भाजपा का संकल्प है कि देश की युवा पीढ़ियों को महान वीर बालकों के आदर्श से जोड़े। आज का यह कार्यक्रम सिर्फ श्रद्धांजलि का नहीं है, बल्कि हमारी युवा पीढ़ी को उनकी गौरवशाली गाथा को प्रेरित करने का प्रयास भी है। भाजपा ने हमेशा सिख धर्म और उनकी विरासत का सम्मान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वीर बाल दिवस को राष्ट्रीय बाल दिवस घोषित करना, हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संजोने और अपनी आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण कदम भी है। शरण जीत सिंह ने बताया कि %हमारे देश का इतिहास शूरवीरों और बलिदानियों की गाथा से भरा पड़ा है। लेकिन सिख धर्म के 10वे गुरु गोविंद सिंह के पुत्र बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह का बलिदान अपने आप में अनुपम है। ये शायद दुनिया का पहला उदहारण है, जिस तरह से उनका बलिदान हुआ है। जब भी इस बारे में विचार करते हैं तो मन में श्रद्धा का भाव आ जाता है। उन्होंने अपने बलिदान से राष्ट्र को आगे बढ़ाने का काम किया है। छोटी आयु में इन वीर बालकों ने धर्म और सत्य के लिए जो साहस दिखाया, वो हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री सुरेंद्र चौरसिया जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह मोनू यादव जिला मीडिया प्रभारी अरविंद बुंदेला कार्यालय मंत्री अरविंद त्रिपाठी सरदार संपूर्ण सिंह रविंद्र सिंह जनक गिरोटी गुरजिंदर सिंह सुरेंद्र सिंह प्रीत सिंह नीतू चांनना साधू सिंह कमलेश राय पंकज रावत दीपेंद्र सिंह बलजीत कौर प्रीती स्वाति गुप्ता चंदा चौरसिया भारतेंदु गुप्ता अन्य भारतीय जनता पार्टी पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

### भाजपा जिला अध्यक्ष के लिए राय शुमारी भाजपा कार्यालय पर हुई

## निर्वाचन पर्यवेक्षक सुधीर गुप्ता एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रामेश्वर शर्मा को पसंदीदा तीन-तीन नाम दिये



धार। संगठन पर्व वर्ष 2024 के अंतर्गत जिला भाजपा अध्यक्ष के लिए राय शुमारी 26 दिसंबर गुरुवार को भाजपा जिला कार्यालय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें संगठन चुनाव पर्यवेक्षक मंदसौर सांसद श्री सुधीर गुप्ता और जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल विधायक रामेश्वर शर्मा विशेष रूप से पहुंचे इस दौरान एक कार्यशाला भी आयोजित की गई जिसमें संभाग प्रभारी राघवेंद्र गौतम जिले के विधायक नीना वर्मा और कालू सिंह ठाकुर मंचासीन रहे।

जिला अध्यक्ष के लिए राय शुमारी सभी अपेक्षित गण ने अपने पसंदीदा तीन-तीन नाम एक पर्ची में लिखकर जिला निर्वाचन अधिकारी को बंद कमरे में दिए। भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। जिला निर्वाचन अधिकारी भोपाल विधायक रामेश्वर शर्मा ने जिला भाजपा अध्यक्ष के लिए निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि राय शुमारी के लिए विभिन्न अपेक्षित श्रेणियां बनाई है जिसमें वर्तमान सांसद और पूर्व सांसद वर्तमान विधायक पूर्व विधायक वर्तमान जिला अध्यक्ष पूर्व जिला अध्यक्ष विधानसभा चुनाव वर्ष 2023 भाजपा प्रत्याशी पूर्व निगम मंडल अध्यक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष उपाध्यक्ष जिले में नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष और जिला प्रतिनिधि गण समेत कुल 85 भाजपा नेता व पदाधिकारी राय शुमारी में शामिल हुए। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

## विजली विभाग की मनमानी को लेकर शिवसेना का फटकार मोर्चा 30 दिसंबर को

छतरपुर- शिवसेना के द्वारा पूर्व में जिला स्तरीय बैठक स्थानीय मिड सिटी होटल में आयोजित की गई शिवसेना जिला प्रमुख मुन्ना तिवारी के नेतृत्व में हजारो शिवसैनिक बिजली विभाग की ओर कूच करेंगे मुन्ना तिवारी ने बताया है कि 30 दिसंबर को सुबह 11 बजे सभी शिवसैनिक स्थानीय मोटे के महावीर मंदिर में एकत्रित होकर रैली के छत्रसाल चौराहा होते हुए बिजली बिभाग पहुचेंगे जहाँ आन्दोलन धरना किया जायेगा एवं मुख्य कार्यपालन अभियंता के नाम 05 सूत्रीय मांगो को लेकर एक ज्ञापन सौपा जायेगा श्री तिवारी ने बताया है कि इस कार्यक्रम में मुक्य वक्ता एवं प्रदेश उपराज्य प्रमुख पप्पू तिवारी जी एवं मालवा प्रान्त प्रभारी एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष युवा सेना प्रभात पुरानिया जी उपस्थित होंगे श्री तिवारी ने कहा है आज बिजली बिभाग द्वारा बिजली बिल में बढ़ोत्तरी के साथ स्मार्ट मीटर इतनी तेजी से चल रहे है जिससे जहाँ एक बत्ती कनेक्शन का बिल 100 रुपया से 150 रुपया आता था वही आज 1000 से 1500 रुपया आ रहा है जो जाँच का विषय है किसान के ट्रांसफार्मर लगातार उतःये जा रहे है या ख़राब हो जाने के बाद समय पर सुधार नहीं किये जाते है बिजली बिभाग में यदि कोई शिकायत करने जाता है तो उनकी कोई सूबे नहीं करता है 7 इत्यादि मुद्दों को लेकर यह आन्दोलन किया जा रहा है 7

## अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस 28 को

सिवनी- अखिल भारतीय राष्ट्रीय कॉग्रेस पार्टी की स्थापना दिवस 28 दिसम्बर 2024 दिन शनिवार को इंदिरा भवन कार्यालय जिला कॉग्रेस कमेटी सिवनी में मनाया जाएगा।

138 वर्ष पूर्व देश में एक क्रांति का जन्म हुआ जिसे पूरा देश कांग्रेस के नाम से जानता है। देश अंग्रेजों की गुलामी की जंजीरों से जकड़ा था, इनके अत्याचारों से बचने का दूर दूर तक कोई रास्ता नजर नहीं आता था 138 वर्ष पूर्व 28 दिसम्बर 1885 को कॉग्रेस पार्टी की स्थापना हुई। कॉग्रेस देश की आजादी की इस लड़ाई में सफल हुई, देश के लोगो की भलाई, उन्नती के साथ साथ शांति पूर्ण और संसदीय लोकतंत्र पर आधारित एक समाजवादी राज्य की स्थापना को अपना उद्धेश्य बनाया और इसी दिशा में कार्य प्रारंभ किया। कांग्रेस वो विचार है जिसने 190 वर्षो से अंग्रेजों की गुलामी से भारत को आजाद कराया, कांग्रेस वो विचार जिसके सहारे देशवासी एक जुड हुये और अंग्रेजो खदेडा, कांग्रेस वो विचार जो क्रांति बनाम आज तक देश की उन्नती और प्रगती और शांति में अपना योगदान दे रही है यदि आज भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है तो वह कांग्रेस के प्रयास के कारण ही है जिसने देश एकता की मिशाल खडी की और आजादी दिलाई कांग्रेस देश के 140 करोड़ लोगो की सोच है आवाज है कांग्रेस गरीबों, छात्रों, किसानों, मध्यम वर्ग की उम्मीद है कांग्रेस। आजादी के बाद खंड-खंड रियासतो में बटे अखंड भारत का निर्माण कांग्रेस पार्टी ने किया एक समय था जब देश में सुई तक नही बनती थी कांग्रेस पार्टी देश में औद्योगिक फेक्ट्रीयॉ, शिक्षण संस्थान, चिकित्सा संस्थाएं, गांव गांव बिजली, घर घर बिजली, सिंचाई के लिए बडे बडे बांध, सड़के, सेतु कम साधन और पैसे में देश को उपलब्ध कराये। एक समय था कि हम विदेशी वस्तुओं एवं विदेशी अनाज पर निर्भर थे आज यदि भारत आत्म निर्भर है तो कांग्रेस पार्टी के नेताओं की ही देन है कांग्रेस पार्टी ने जाति धर्म के आधार पर वैमनस्यता फैलाकर कभी राजनैतिक लाभ लेने का प्रयास नहीं किया, पूरे देश और देश के लोगो को एक माला के रूप में पिरोये रखने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया। कांग्रेस की यात्रा 138 वर्ष पूर्व जरूर शुरू हुई थी लेकिन आज भी कांग्रेस यात्रा पर ही है देश वासियों को जोडने पर है देशवासियो को दिलो को मोहम्मत से जोड़ने की यात्रा है भारत को बचाने और तानाशाही को खत्म करने की कांग्रेस की यह यात्रा ना कभी रूकी और ना ही रूकेंगी।

28 दिसम्बर 2024 को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना के शुभहस्ते प्रातः 9 बजे पार्टी ध्वज का ध्वजारोहण किया जायेगा। जिला कांग्रेस संगठनमंत्री एड़ पंकज शर्मा ने समस्त कांग्रेस जनों से साथियों सहित निर्धारित समय पर उपस्थिति हेतु अपील की है।

## स्वामित्व योजना के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण

सिवनी- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान सिवनी में प्रस्तावित स्वामित्व योजना के हितलाभ वितरण के राज्यस्तरीय कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन एवं पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता ने कार्यक्रम स्थल पॉलिटेक्निक मैदान तथा हेलिपेड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश सभी अधिकारियों को दिये।

# जल जीवन मिशन में आखिरकार क्यों हो रहीं लापरवाही और भ्रष्टाचार

### योजना के तहत करोड़ों की शासकीय सामाग्री हो रही मटियामेल



मण्डला/अजीत पटेल--जिला कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा द्वारा आये दिन योजना भवन के सभाकक्ष में हर घर जल के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यो की समीक्षा को लेकर कड़े निर्देश दिए जा रहे हैं बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा शासन-प्रशासन के दिशा-निर्देशों को दरकिनार किया जा रहा है।

नतीजा सरकार द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल एवं हर किसी के प्यास को प्रमुखता देते हुए जो योजना चलाई गई है तथा जिस योजना को सफल बनाने हेतु जिला कलेक्टर श्री मिश्रा जी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं उन्हें जिम्मेदारों ने एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल दिया है।

जल जीवन मिशन के कार्यो को गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने को कहा गया, परन्तु जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यो में सड़क कटिंग होने पर सड़क की मरम्मत करने के निर्देश दिए गए।जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों में विलंब होने पर संबंधित ठेकेदार और सहायक यंत्री व उपयंत्री को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।जल जीवन मिशन में समय सीमा की लापरवाही को लेकर ठेकेदार के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया, बावजूद इसके ठेकेदार को तथा जिम्मेदारों को कोई फर्क नहीं पड़ा।घुघरी,निवास , नैनपुर विकासखंड तथा जिला मुख्यालय के नजदीकी ग्राम पंचायत कटंगी में अभी तक जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बरकरार है। वहीं उक्त विकासखंड में किए गए निर्माण कार्यों में में ठेकेदार द्वारा बिछाए गए पाईप लाईन तथा सड़क मरम्मत कार्य निर्धारित आदेश एवं टेंडर प्रक्रिया के विरुद्ध किया गया है वहीं पाइप लाइन निर्धारित गहराई में नहीं किया गया है।जिससे पाईप लाईन में टूट-फूट न होने की संभावना बनी हुई है।कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा पाईप लाईन मार्ग पर सांकेतिक चिन्ह एवं बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं, परन्तु उक्त दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया गया नतीजा शासन-प्रशासन का करोड़ों की शासकीय सामाग्री पानी नदी नालों में सड़ रही है और वही जिम्मेदारों कुछ दिखाई नहीं दे रहा है साथ ही साथ कानों में जूं तक नहीं रेंगी

जिससे किसी भी प्रकार की कटिंग के दौरान पाईप लाईन की टूट-फूट होने से उसे बचाया जा सके।कलेक्टर श्री श्री मिश्रा ने कहा कि पाईपलाईन के कार्यो की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी अनिवार्य रूप से कराई जाए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने निर्देशित किया कि पीएचई विभाग और जल जीवन निगम अपने निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें।

सरकार द्वारा जनता को लुभाने के अनेकों खेल खेले जाते हैं रोजाना नये आश्वासन दिया जाता है परन्तु लापरवाहियों एवं भ्रष्टाचारीयों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने कारण क्यों नहीं बताया जाता है आखिर सच्चाई को छुपाने का क्या कारण है।

## भारत स्काउट एवं गाइड जबलपुर की रैली में शामिल होने 110 स्काउट और गाइड आज हुए रवाना



**मण्डला**--सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग पदेन जिला कमिश्नर स्काउट मंडला संतोष शुक्ला के मार्गदर्शन में 54 स्काउट 45 गाइड 11 यूनिट लीडर सहित कुल 110 स्काउट एवं गाइड का दल आज़ रवाना हुआ। संभागीय रैली में स्काउट एवं गाइड विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होकर अपनी प्रतिभाओं को निखारेंगे स्काउट एवं गाइड को साथ में लेकर यूनिट लीडर कन्हैया बरमैया (दल प्रभारी)उत्कृष्ट विद्यालय मंडला ,लोक सिंह पदम,मनोज कुड़ापे, गोविंद प्रसाद, प्रेम सिंह मार्को ,प्रीति मसराम ,रजनी सिलेकर ,दिव्या मरावी ,आरती कोल,लीमा कुजूर प्रियंका पन्द्रो, रवाना हुए जिला मंडला अच्छा प्रदर्शन करे इस हेतु जिला मुख्य आयुक्त संजय तिवारी, जिला अध्यक्ष अजय खोत, डॉ उपेंद्र शुक्ला, अखिलेश चंद्रौल,डॉ रश्मि बाजपेयी, गीता काल्पीवार, के के पटेल,सावित्री सांड्या, कल्पना नागेश्वर, सहित सभी पदाधिकारियों ने बधाई प्रेषित की है स्काउट गाइड को बस द्वारा रवाना होने पर उत्कृष्ट प्राचार्य श्रीमती कल्पना नामदेव ने हरी झंडी दिखाई एवं जिला सचिव दिनेश दुबे ने सभी को जिले की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित कीं विकास खंड शिक्षा अधिकारी मंडला पदेन ब्लाक कमिश्नर स्काउट रंजीत गुप्ता, विवेक शुक्ला ने भी सभी को शुभकामनाएं दिया है।



Manmohan SinghIndia is grateful to him for his spectacular and selfless services rendered to it. He was not a politician but his achievements are far ahead of any politician after independence. Under the political umbrella of Narasimha Rao, he was able to reverse the trend of stagnant economy and wasted four decades after independence. He was the real hero and architect of modern India. In spite of pressure of populism on all political parties, every leadership will have to largely follow his path. I join the nation in paying my homage to this humble and great Manmohan Singh.

- N.K.Tripathi

## भाजीबी कंपनियों ने नवंबर 2024 में नए कारोबारी आंकड़े में दर्ज की रिकॉर्ड वृद्धि

भोपाल। लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल (जीवन बीमा परिषद्) ने नवंबर 2024 के लिए अपने कारोबारी आंकड़े जारी किए हैं, जो बीमा क्षेत्र में बदलती स्थितियों पर प्रकाश डालते हैं। इस साल अब तक प्रदर्शन मजबूत बना हुआ है। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में कारोबार में 15.67त्न की बढ़ोतरी हुई है। यह सकारात्मक रुझान विभिन्न बाजार चुनौतियों के बावजूद जीवन बीमा उद्योग के लचीलेपन और इसमें हो रहे निरंतर विस्तार को दिखाते हैं। नवंबर 2024 में, वायटीडी (ईयर टिल डेट) कलेक्शन में मजबूत बढ़ोतरी देखने को मिली है जो पिछले साल के ?2,11,690.65 करोड़ से बढ़कर इस साल ?2,44,868.20 करोड़ हो गई है। यह बीमा उत्पादों की मजबूत मांग का संकेत है क्योंकि उपभोक्ता और कॉर्पोरेट ग्राहक बेहतर सुरक्षा चाहते हैं। भारत में जीवन बीमा उद्योग बीमा तक पहुंच का विस्तार करके तथा देश की आबादी के उन क्षेत्रों और वर्गों तक पहुंचने का प्रयास करके महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है, जो पहले अपनी बीमा जरूरतों के मामले में उपेक्षित थे। इस दिशा में, जीवन बीमा कंपनियों ने 6,54,682 से अधिक व्यक्तिगत जीवन बीमा एजेंट जोड़े हैं, जिससे कुल एजेंट संख्या में 2.63त्न की बढ़ोतरी हुई है।

## पोको का धमाका; सबसे चमकदार डिस्प्ले वाला एम-7पीआरओ 5जी और सबसे किफायती सी 75 5जी लॉन्च किया

इंडिया, 17 दिसंबर 2024 - भारत के सबसे लोकप्रिय और तेजी से बढ़ते कंज़्यूमर टेक ब्रांड पोको ने साल का शानदार समापन करते हुए दो नए स्मार्टफोन पोको एम-7पीआरओ 5जी लॉन्च किए हैं। इन स्मार्टफोन्स को अपने-अपने सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है। ये डिवाइस बेहतरीन डिस्प्ले, दमदार परफॉर्मेंस और किफायती कीमत के साथ स्मार्टफोन के नए मानक तय करते हैं। पोको इंडिया के कंट्री हेड हिमांशु टंडन ने इस मौके पर कहा, पोको में हमारा लक्ष्य हमेशा ऐसी तकनीक पेश करना है, जो सभी के लिए सुलभ और उपयोगी हो। उन्होंने बताया कि पोको एम-7पीआरओ 5जी एक पावरफुल मिड-रेंज स्मार्टफोन है, जिसमें सेगमेंट का सबसे चमकदार डिस्प्ले, शानदार ऑडियो क्वालिटी और फ्लैगशिप-ग्रेड कैमरा दिया गया है। वहीं, पोको ष्75 5त्र भारत का सबसे किफायती 5त्र स्मार्टफोन है, जिसमें खासतौर पर सोनी का कैमरा सेंसर लगा है। उन्होंने आगे कहा, ;इन नए लॉन्च के साथ पोको अपने वादे को दोहराता है कि हम अपने ग्राहकों को बेहतरीन तकनीक और फीचर्स को सस्ती कीमतों पर उपलब्ध कराते रहेंगे।

## एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड को जीपीएस आधारित यात्री सूचना प्रणाली का अप्रूवल प्राप्त हुआ

मुंबई, एजेंसी। ग्लोबल स्तर पर एलईडी वीडियो डिस्प्ले के डिजाइन, विकास और निर्माण में अग्रणी एमआईसी इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीएसई-532850, एनएसई) ने घोषणा की है कि उसे अपनी जीपीएस स्थान-आधारित सार्वजनिक पता और यात्री सूचना प्रणाली और एसी और नॉन-एसी रेलवे डिब्बों में एलईडी डेस्टिनेशन बोर्ड के लिए क्षमता सह क्षमता आकलन का अप्रूवल प्राप्त हो गया है। हाल ही में 30 सितंबर 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी के संचालन से राजस्व 156.26 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के 1071.46 लाख रुपये से वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 2745.67 लाख रुपये हो गया। एबिटा 37.56 प्रतिशत बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के 281.24 लाख रुपये से वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 386.86 लाख रुपये हो गया। एबिटा मार्जिन वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के 2.79 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में 13.97 प्रतिशत हो गया, जो 1118 आधार बिंदु की वृद्धि है।

## नंदन डेनिम लिमिटेड का व्यापार विस्तार और विकास पर लक्ष्य

अहमदाबाद, एजेंसी। नंदन डेनिम लिमिटेड (बीएसई- 538598), उच्च-गुणवत्ता वाले स्ट्रेच डेनिम कपड़े का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता, बांग्लादेश में राजनीतिक उथल-पुथल के कारण वैकल्पिक मेनूफेक्चरिंग केंद्रों की ओर एक उल्लेखनीय बदलाव देख रहा है। अपनी मजबूत मेनूफेक्चरिंग क्षमताओं के लिए जाने जाने वाले भारत के कपड़ा केंद्र इस बदलाव के प्रमुख लाभार्थी के रूप में उभर सकते हैं। पुनर्संरचित सप्लाई चेन का संभावित लाभ सतत और पारदर्शी स्रोत प्रथाओं पर जोर देने वाले व्यापक रुझानों के साथ मेल खाता है। जिन क्षेत्रों में अच्छी इन्फ्रास्ट्रक्चर और मजबूत अनुपालन तंत्र हैं, उन्हें काफी फायदा हो सकता है। 2025 तक, प्रमुख बाजारों जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोप और मध्य पूर्व में बढ़ती मांग से प्रेरित होकर, कपड़ा उद्योग में निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि देखने की उम्मीद है। भारत का कपड़ा निर्यात 2025 तक 45 बिलियन डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है, जो 2020 में 38 बिलियन डॉलर के आंकड़े से अधिक है। यह वृद्धि भारत की प्रतिस्पर्धी मेनूफेक्चरिंग लागत, कुशल श्रम शक्ति और अपनी निर्यात-अनुकूल नीतियों को मजबूत करने के प्रयास से प्रेरित है।इससे पहले, कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही ओर पहली छमाही के लिए शानदार वित्तीय परिणाम घोषित किए थे।

## शार्क टैंक इंडिया सीजन 4: अमन गुप्ता ने भावी एंटरप्रेन्योर्स को बढ़ावा देने में इस शो की भूमिका के बारे में बताया

मुंबई, एजेंसी। शार्क टैंक इंडिया का सीजन 4 कारोबार की नई ऊर्जा और जुनून को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। बोट लाइफस्टाइल के को-फाउंडर और सीएमओ अमन गुप्ता ने इस सीजन को लेकर अपना उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह शो न केवल नए उद्यमियों को अपने अनोखे विचार प्रस्तुत करने का मौका देता है, बल्कि दर्शकों के लिए भी व्यवसायिक सोच और प्रेरणा का एक शानदार जरिया है।अमन गुप्ता ने शो के बारे में समझाते हुए कहा, ''शार्क टैंक इंडिया वाकई एक ऐसा मंच है, जो नई सोच को बढ़ावा देता है। इस सीजन में हमने कई अलग-अलग क्षेत्रों की झलक देखी है। यह शो न केवल उद्यमियों को अपने आइडिया पेश करने का अवसर देता है, बल्कि दर्शकों को भी व्यापार की रणनीतियों, नए विचारों और बाजार की जरूरतों को समझने का मौका मिलता है। नया सीजन उन बदलावों पर ध्यान देगा जो उद्योगों में नई राह दिखा सकते हैं। यह भारतीय स्टार्टअप्स के लिए नए मौके बनाएगा और बड़ी समस्याओं के समाधान में उनकी मदद करेगा। शार्क्स के साथ चर्चा और उनके सुझावों के जरिए उद्यमी अपने आइडिया को बेहतर बनाते हैं। साथ ही, दर्शकों को भी नए ट्रेंड्स के बारे में जानने और अपनाने का मौका मिलता है। हमारा मकसद है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रेरित किया जाए और उन्हें नई संभावनाओं की ओर बढ़ने का रास्ता दिखाया जाए। शार्क टैंक इंडिया वाकई नए और उपयोगी समाधान खोजने की प्रेरणा बन रहा है।''

## एक शानदार समापन: कलर्स ने 2024 में सशक्त महिलाओं और अजेय नवाचार पर प्रकाश डाला

मुंबई, एजेंसी। 2024 कलर्स के लिए साहसिक कदमों और यादगार पलों का साल रहा है, जहां महिलाओं ने न केवल भूमिकाओं को निभाया है, बल्कि उसे जिया भी है। इस साल जो बात सबसे अलग रही, वह थी प्रमुख महिला किरदार जिन्होंने बाधाओं को तोड़ा, रूढ़िवादी सोच को नकारा और बेबाक दृढ़ता दिखाई। मंगल के अपनी बहन लक्ष्मी की रक्षा करने के अडिग दृढ़ संकल्प से लेकर दुर्गा के सामाजिक उम्मीदों के बंधनों को तोड़ने तक, कलर्स ने हमारे लिए ऐसे महिला किरदारों को पेश किया है, जिन्होंने मजबूत होने की नई परिभाषाएं गढ़ी हैं। दुर्गा की घोषणा, मेरे पास अधिकार है, दर्शकों के कानों में गूंजी क्योंकि उसने सुनिश्चित किया कि उसकी आवाज सुनी जाए। चाहे प्यार को लेकर बुलबुल का भयंकर संघर्ष हो या ताकत के खेल में सुमन का साहस, ये महिलाएं सिर्फ किरदार नहीं थीं- वे प्रतीक थीं।



राष्ट्रीय सरपंच संघ द्वारा अंबेडकर पार्क में चल रही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के अंतर्गत पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन मनमोहन सिंह जी के निधन पर सभी सरपंचों ने प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह तोमर तोमर के नेतृत्व में श्रद्धांजलि दी

## अपने पीछे करोड़ों की कितनी संपत्ति छोड़ गए हैं मनमोहन सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस नेता डॉ. मनमोहन सिंह ने साल 2018 में राज्यसभा सीट के लिए नामांकन दाखिल किया था। नामांकन के दौरान उन्होंने अपनी कुल संपत्ति 15.77 करोड़ रुपये बताई थी। वहीं एफिडेविट के मुताबिक साल 2018-19 में उनकी कुल कमाई करीब 90 लाख रुपये थी।माईनेता वेबसाइट में मनमोहन सिंह की पूरी संपत्ति के बारे में बताया गया है। इसके मुताबिक उनके पास कैश 30 हजार रुपये थे। साथ ही 3.86 लाख रुपये की ज्वैलरी भी बताई गई है। उनके पास दिल्ली और चंडीगढ़ में एक-एक फ्लैट भी है। मनमोहन सिंह पर कर्ज का एक रुपया भी नहीं था। मनमोहन सिंह को उनके योगदान के लिए कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इसमें पद्म विभूषण भी शामिल है। साल 1991 में, पीवी नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नया रूप दिया। उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीतियों को अपनाया। इन नीतियों ने देश की अर्थव्यवस्था को वैश्विक बाजार के लिए खोल दिया।

# नए ऑर्डर, मजबूत मांग, सरकारी खर्च में बढ़ोतरी इकॉनमी के लिए मिलने वाली है गुड न्यूज



नई दिल्ली, एजेंसी। वित्त मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की जीडीपी ग्रोथ सितंबर 2024 को खत्म हुई दूसरी तिमाही में घटकर 5.4 प्रतिशत रह गई है। वित्त मंत्रालय की गुरुवार को जारी मंथली रिपोर्ट में यह कहा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं के बीच आर्थिक ग्रोथ को बनाए रखने के लिए सभी पक्षों को मिलकर काम करने की जरूरत होगी। वित्त मंत्रालय के नवंबर के मंथली इकॉनमिक रिव्यू के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में धीमी गति के बाद तीसरी तिमाही का आउटलुक अच्छा दिख रहा है।

इसका पता अक्टूबर और नवंबर के लिए महत्वपूर्ण आंकड़ों (जीएसटी कलेक्शन, पीएमआई आदि) से चलता है। वहीं, रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी, जलाशयों में पानी का अच्छा स्तर और खाद की पर्याप्त उपलब्धता से रबी की बुवाई अच्छी होने की उम्मीद है। कुल मिलाकर औद्योगिक गतिविधियों में भी तेजी आने की उम्मीद है।

क्या हैं चुनौतियां

रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में ग्रोथ पहले छमाही से बेहतर होगी। लेकिन साथ ही, ये भी हो सकता है कि कुछ वजहों से भी दूसरी छमाही में गति धीमी आई हो, इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। लेकिन अच्छी बात ये है कि दिसंबर 2024 में अपनी पॉलिसी मीटिंग में सेंट्रल बैंक ने कैश रिजर्व रेश्यो 4.5 प्रतिशत से घटाकर 4 प्रतिशत कर दिया है। ये डिमांड को बढ़ावा दे सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 को देखा जाए तो नई अनिश्चितताएं सामने आई हैं और वैश्विक व्यापार वृद्धि पहले की तुलना में अधिक अनिश्चित दिख रही है। शेयर बाजार का ऊंचा स्तर एक बड़ा जोखिम पैदा कर रहा है। डॉलर की मजबूती और अमेरिका में नीतिगत दर के बारे में फिर से विचार ने उभरते बाजार की करंसी को दबाव में ला दिया है। इससे उभरती अर्थव्यवस्थाओं में नीति-निर्माता रीपो रेट के बारे में और अधिक गहराई से सोचेंगे।

क्या है बेहतर

रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्टूबर और नवंबर के आंकड़े यह बताते हैं कि कंपनियों के नए ऑर्डर में वृद्धि हो रही है और मांग मजबूत है। सरकारी पूंजीगत खर्च में अपेक्षित वृद्धि से सीमेंट, लोहा, इस्पात, खनन और बिजली क्षेत्रों को समर्थन मिलने की उम्मीद है। ग्रामीण डिमांड मजबूत बनी हुई है। शहरी मांग भी बढ़ रही है। अक्टूबर-नवंबर, 2024 में यात्री वाहनों की बिक्री में सालाना आधार पर 13.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। घरेलू हवाई यात्री यातायात में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई।

# किसान के बेटे, खड़ा कर दिया 400 करोड़ रुपये का कारोबार



नई दिल्ली, एजेंसी। कर्नाटक में उडुपी जिले के कोरांगरापाडी गांव में 21 जुलाई 1959 को पैदा हुए डा. के. प्रकाश शेट्टी ने सफलता का एक कीर्तिमान स्थापित किया है। उनके पिता गांव में एक सामान्य किसान थे। वह गांव में खेती-बाड़ी करते थे। लेकिन प्रकाश शेट्टी ने कारोबार करने को ठानी। उन्होंने कुछ साल तक संघर्ष किया और अंतत- अपना एक अलग मुकाम बनाया। आज की तारीख में उनके ग्रुप का कारोबार करीब 400 करोड़ रुपये का है। वह करीब 4,000 लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार देते हैं। आज की सक्सेस स्टोरी श्रृंखला में हम जानते हैं इन्हीं के बारे में।

**गांव में जन्म, बेंगलुरु में नौकरी:** प्रकाश शेट्टी का जन्म उडुपी जिले के एक गांव कोरंगरापाडी में हुआ था। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव में ही हुई। बाद में वह उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अपने जिला मुख्यालय उडुपी आ गए। वहां के पूर्णा पंजा कॉलेज से बीबीएम किया। फिर बेंगलुरु में नौकरी करने लगे। लेकिन उनका मन तो कारोबार पर टिका था, इसलिए नौकरी छोड़ दी। फिर 50 हजार रुपये का लोन लिया और एक प्रिंटिंग प्रेस लगाया। यहां से उनकी कारोबारी यात्रा की शुरूआत हो गई।

**बनाया एमआरजी ग्रुप:** इस बीच उनकी शादी आशा शेट्टी से हो गई। शादी हुई तो फिर एक बेटा गौरव का भी जन्म हो गया। घर-गृहस्थी में फंसने के बाद भी उन्होंने कारोबारी बनने का सपना नहीं छोड़ा था। इसलिए तो उन्होंने कारोबारी यात्रा की शुरुआत में ही उन्होंने एमआरजी ग्रुप की स्थापना की। एमआरजी में पहला अक्षर एम उनके पिता माधव के नाम से लिया गया। इसके बाद का अक्षर आर उनकी मां रत्ना के नाम से लिया गया है। एमआरजी का अंतिम अक्षर जी उनके पुत्र गौरव से लिया गया है। इस तरह से जन्म हुआ एमआरजी ग्रुप का।

**आतिथ्य और खानपान सेक्टर में आए:** प्रिंटिंग प्रेस में ज्यादा मन नहीं लगा तो वह आतिथ्य एवं खानपान क्षेत्र में आ गए। साल 1993 में उन्होंने फाइन-डाइन रेस्टोरेंट बंजारा की स्थापना की। इसके अच्छे परिणाम आए तो उत्साह बढ़ा। इसके बाद उन्हें होटल ब्रांड गोल्डफिंच स्थापित करने का विचार भी सूझा। होटल गोल्डफिंच की शुरुआत मंगलोर से हुई फिर बेंगलुरु, गोवा, मुंबई और दिल्ली एनसीआर में सूरजकुंड तक इसकी पहुंच गई।

# सालाना 15 लाख तक कमाने वालों को मिलेगी इनकम टैक्स में छूट! बजट में हो सकता है ऐलान




नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार मिडिल क्लास को भी इनकम टैक्स में छूट दे सकती है। हालांकि इस बारे में अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। माना जा रहा है कि सरकार 1 फरवरी को पेश होने वाले आम बजट में इस बारे में कोई ऐलान कर सकती है। यह जानकारी इकनॉमिक टाइम्स ने रॉयटर्स के हवाले से दी है। इसमें बताया गया है कि सरकार सालाना 15 लाख रुपये कमाने वाले को भी इनकम टैक्स में छूट दे सकती है।

सरकार मिडिल क्लास को टैक्स से राहत देना चाहती है। वहीं सरकार का प्लान है कि मंदी के कारण उपभोग को बढ़ावा दिया जाए। इन्हीं वजहों के कारण सरकार 15 लाख रुपये तक कमाने वाले मध्यम वर्ग को इनकम टैक्स में छूट देने का विचार कर रही है। अगर ऐसा होता है तो इससे लाखों टैक्सपेयर्स को फायदा होगा।सालाना 15 लाख रुपये तक कमाने वाले को इनकम टैक्स में कितनी छूट मिलेगी, इस बारे में अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। सूत्रों के मुताबिक अभी किसी भी कटौती के आकार पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। इस बारे में जो भी फैसला होगा, वह 1 फरवरी को पेश होने वाले आम बजट में बता दिया जाएगा।

अभी इनकम टैक्स चुनने की दो व्यवस्थाएं हैं। पहली पुरानी और दूसरी नई। नई व्यवस्था साल 2020 से शुरू हुई थी। इसमें एचआरए जैसी सुविधाओं पर कोई छूट नहीं मिलती। नई व्यवस्था में सालाना 3 लाख रुपये की कमाई से लेकर 15 लाख रुपये तक की कमाई पर 5 से 20 फीसदी टैक्स लगाया जाता है। इससे ज्यादा कमाई पर 30 फीसदी की दर से इनकम टैक्स देना होता है। सरकार अगर मिडिल क्लास के लिए इनकम टैक्स में कटौती करती है तो इससे ऐसे लोगों के हाथों में ज्यादा पैसा आएगा। यह पैसा देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में मदद कर सकता है। दरअसल, सितंबर तिमाही में देश की जीडीपी पिछली 7 तिमाहियों के मुकाबले काफी कम रही है।

# कम्यूनिकेशन में एक्सीलेंस के लिए महारत्न कंपनी सेल को मिले आठ राष्ट्रीय पुरस्कार




नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय स्टील मिनिस्ट्री की महारत्न कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड को पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा आठ राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। कंपनी को ये पीआरएसआई राष्ट्रीय पुरस्कार, पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बीते दिनों आयोजित 46वें अखिल भारतीय जनसंपर्क सम्मेलन में प्रदान किया गया। सेल के कॉरपोरेट कम्यूनिकेशन विभाग के प्रमुख चिन्मय समजदार ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

सेल को विभिन्न श्रेणियों में कुल 8 पुरस्कार मिले हैं, जो कंपनी के कम्यूनिकेशन की उत्कृष्टता को दर्शाते हैं। सेल को मिले पुरस्कारों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है-

सेल की कॉर्पोरेट फिल्म को कंपनी की उपलब्धियों और भविष्य की दृष्टि को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने के लिए चुना गया। सेल गौरव दिवस समारोह को कर्मचारियों के बीच एकता और गौरव की भावना पैदा करने के लिए सराहा गया। स्टील प्लांट प्रौद्योगिकियों के लिए सोशल मीडिया कैम्पेन को इस श्रेणी में जीत हासिल हुई।

ग्रीन स्टील को बढ़ावा देने वाले सोशल मीडिया अभियान को, पर्यावरण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करने के लिए चुना गया।सेल वेबसाइट को उसके क्रिएटिव लेआउट, आसान नेविगेशन एवं कंटेन्ट और यूजर फ्रेंडली प्लेटफार्म के लिए पुरस्कृत किया गया। सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कंपनी को मिले पीआरएसआई राष्ट्रीय पुरस्कारों की सराहना करते हुए कहा, ये पुरस्कार सेल की छवि और पहुंच को बढ़ाने में हमारी संचार पहल के विभिन्न प्रयासों को रेखांकित करते हैं। सेल ने हमेशा प्रभावी कम्यूनिकेशन पर जोर दिया है, जो कंपनी की छवि को बढ़ावा देने और बेहतर स्टेकहोल्डर रिलेशन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह सम्मान संचार में उत्कृष्टता के लिए सेल के समर्पण का प्रमाण है।

# ग्रीनलैंड और पनामा नहर बिक्री के लिए नहीं हैं, ट्रम्प उन्हें लेने की धमकी क्यों दे रहे हैं?

**सुनील डंग, पूर्व सदस्य, भारतीय प्रेस परिषद**





नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन युद्ध जैसे विदेशी संघर्षों से अमेरिका को अलग-थलग करने, विदेशी व्यापार साझेदारों पर टैरिफ बढ़ाने और घरेलू विनिर्माण को पुनः स्थापित करने के मंच पर चुनाव लड़ा था।लेकिन हाल के दिनों में उन्होंने अपनी विदेश नीति के लिए अधिक आक्रामक रुख अपनाने का सुझाव दिया है।पहले तो उन्होंने मज़ाक में कहा कि कनाडा अमेरिका का एक अतिरिक्त राज्य है। उसके बाद से उन्होंने पनामा नहर का नियंत्रण वापस लेने की धमकी दी है । उन्होंने अपने पहले कार्यकाल से ही ग्रीनलैंड के स्वायत्त डेनिश क्षेत्र के स्वामित्व की इच्छा दोहराई, जो बिक्री के लिए नहीं है ।अमेरिका के इनमें से किसी भी क्षेत्र पर नियंत्रण करने की संभावना नहीं है। लेकिन ये बयान संकेत दे सकते हैं कि ट्रंप के ÷अमेरिका फर्स्ट÷ विजन में अमेरिकी व्यापार और राष्ट्रीय सुरक्षा हितों के लिए अपनी सीमाओं से परे महाशक्ति की ताकत को बढ़ाना शामिल है।रविवार को ट्रम्प ने एरिजोना में एक रूढ़िवादी सम्मेलन में कहा कि पनामा अपने इसी नाम की नहर का उपयोग करने के लिए अमेरिकी जहाजों से ÷हास्यास्पद, अत्यधिक अनुचित÷ शुल्क वसूल रहा है।20वीं सदी की शुरुआत में नहर के निर्माण का जिम्मा संभालने के बाद, अमेरिका ने 1970 के दशक में एक संधि के ज़रिए पनामा को पूरा नियंत्रण सौंप दिया। लेकिन इस हफ़्ते ट्रंप ने कहा कि अगर ÷धोखाधड़ी÷ बंद नहीं हुई, तो वे नहर को अमेरिका को वापस करने की मांग करेंगे - हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि कैसे।ट्रम्प ने कहा कि वह नहीं चाहते कि पनामा नहर ÷गलत हाथों में पड़ जाए÷ और उन्होंने विशेष रूप से चीन का हवाला दिया, जिसका इस जलमार्ग में महत्वपूर्ण हित है।काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस में लैटिन अमेरिकी अध्ययन के फेलो विल फ्रीमैन ने ट्रम्प की टिप्पणी के बारे में कहा, ÷इसमें अमेरिका की वास्तविक राष्ट्रीय सुरक्षा का हित है... अपनी तटस्थता को नियंत्रित करना।÷÷ट्रम्प का बयान मुख्यतः इसी बारे में है।÷आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका के बाद चीन पनामा नहर का दूसरा सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है। चीन ने इस देश में बड़े पैमाने पर आर्थिक निवेश भी किया है।2017 में, पनामा ने ताइवान के साथ राजनयिक संबंध तोड़ लिये और उसे चीन का हिस्सा मान लिया, जो बीजिंग के लिए एक बड़ी जीत थी।श्री फ्रीमैन ने कहा कि पनामा नहर न केवल प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी व्यापार के लिए आवश्यक है - बल्कि चीन के साथ किसी भी सैन्य संघर्ष की स्थिति में अमेरिकी जहाजों और अन्य परिसंपत्तियों को ले जाने के लिए भी इसकी आवश्यकता होगी।उन्होंने व्यापार साझेदारों द्वारा अमेरिका के साथ अनुचित व्यवहार के बारे में ट्रम्प की लगातार टिप्पणियों, तथा नव-निर्वाचित राष्ट्रपति द्वारा विदेशी वस्तुओं, विशेषकर चीन से आयातित वस्तुओं पर टैरिफ में तीव्र वृद्धि करने के वादे का भी उल्लेख किया।श्री फ्रीमैन ने कहा कि शिपिंग शुल्क के बारे में ट्रम्प की शिकायतें व्यापार पर उनके विचारों को प्रतिबिंबित करती प्रतीत होती हैं।श्री फ्रीमैन ने कहा कि हालांकि ये बयान ÷दबावपूर्ण÷ हो सकते हैं, लेकिन यह देखना अभी बाकी है कि ÷खतरे के जवाब में नहर अधिकारी अमेरिकी माल पर शुल्क कम करते हैं या नहीं।÷पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो ने एक बयान जारी कर कहा है कि नहर और आसपास का क्षेत्र उनके देश का है - और रहेगा।ट्रम्प की नज़र ग्रीनलैंड परसप्ताहांत में ट्रम्प ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अमेरिका को लगता है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक स्वतंत्रता के कारणों से ग्रीनलैंड का स्वामित्व और नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है।अमेरिका ग्रीनलैंड में पिटफिक स्पेस बेस रखता है। यह क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है, जिसमें दुर्लभ पृथ्वी खनिज भी शामिल हैं, और व्यापार के लिए एक रणनीतिक स्थान रखता है क्योंकि वैश्विक शक्तियां आर्कटिक सर्कल में अपनी पहुंच का विस्तार करना चाहती हैं।रूस, विशेष रूप से, इस क्षेत्र को एक रणनीतिक अवसर के रूप में देखता है।ट्रम्प ने राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले कार्यकाल के दौरान 2019 में ग्रीनलैंड को खरीदने का विचार पेश किया था, लेकिन यह कभी सफल नहीं हुआ।ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री म्यूटे बी एगेडे ने इस सप्ताह ट्रम्प की नवीनतम टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा- ÷हम बिकाऊ नहीं हैं और हम बिकाऊ भी नहीं होंगे।÷फिर भी, ट्रम्प ने ऑनलाइन अपने सार्वजनिक बयानों पर जोर देना जारी रखा। ट्रुथ सोशल पर ट्रम्प के अकाउंट पर पनामा नहर के बीच में एक अमेरिकी झंडा फहराए जाने की तस्वीर दिखाई गई।उनके दूसरे सबसे बड़े बेटे एरिक ट्रम्प ने एक्स पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें दिखाया गया कि अमेरिका ने ग्रीनलैंड, पनामा नहर और कनाडा को अमेज़न ऑनलाइन शॉपिंग कार्ट में जोड़ दिया है।ट्रम्प के लिए, अमेरिका की ताकत को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करने के वादे ने उनके दो सफल राष्ट्रपति अभियानों को आगे बढ़ाने में मदद की। यह एक ऐसी रणनीति थी जिसका प्रयोग उन्होंने अपने प्रथम राष्ट्रपति काल में किया था, जिसमें उन्होंने टैरिफ लगाने की धमकी दी थी तथा ÷सशस्त्र सैनिकों÷ की तैनाती की थी, ताकि मेक्सिको को अपनी अमेरिकी सीमा पर सैन्य बल बढ़ाने के लिए मजबूर किया जा सके।अपने दूसरे कार्यकाल में प्रवेश करते हुए, ट्रम्प 20 जनवरी को पदभार ग्रहण करने के बाद इसी प्रकार की रणनीति अपनाने की योजना बना सकते हैं। हालांकि यह देखना अभी बाकी है कि क्या होगा, लेकिन डेनमार्क ने उनके प्रशासन के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की है।ट्रम्प द्वारा आर्कटिक क्षेत्र को खरीदने की इच्छा दोहराए जाने के कुछ ही घंटों बाद, इसने ग्रीनलैंड के लिए रक्षा खर्च में भारी वृद्धि की भी घोषणा की।

## राम राजू वाल्मिकी मेहरोलिया जिला अध्यक्ष बने



**छिंदवाड़ा।** अखिल भारतीय मजदूर कॉंग्रेस डॉ. अनुप बेगी संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरसिंग धिंगान पूर्व विधायक नई दिल्ली एवं संस्था को राष्ट्रीय जनरल सेकेट्री ऑल इंडिया अशोक कुमार झां के द्वारा जिला शाखा एवं नगर शाखा में नवीन नियुक्ति की गई, जिसमें जिला शाखा छिंदवाड़ा के जिला अध्यक्ष श्री राम राजू वाल्मिकी (मेहरोलिया) एवं जिला कार्यवाही अध्यक्ष, नरेन्द्र लाहोरी (पंडा), रोहन चौहान जनरल सेकेट्री जिला शाखा छिंदवाड़ा एवं नितेष मुकेष सारवान को जिला शाखा का उपाध्यक्ष तथा नगर शाखा छिंदवाड़ा के लिये नगर अध्यक्ष अजय उर्फक्कमलेश सुभाष बोहत तथा शाखा के कार्यवाहक अध्यक्ष सुरेन्द्र उर्फरानू निर्बल पवार की एवं हरजीत उर्फ अमीत गोदरे नगर शाखा सचिव भरत चुन्नी झांझोट को नगर शाखा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया, नव नियुक्ति पदाधिकारियो को संगठन के सभी प्रदेश के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई प्रेषित की।

## अघोषित बिजली के कटौती के विरोध आज धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम

**छिंदवाड़ा।** ग्राम पंचायत राजाखोह एवं आसपास के ग्रामों में विद्युत विभाग द्वारा विगत् कई दिनों से मात्र 2 से 2.30 घंटे ही विद्युत प्रदाय किया जा रहा है, इससे कृषकगण अपनी रबी की फसल में सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनकी फसलें सूखने की स्थिति आ गई है, ऐसी स्थिति में ग्राम के समस्त कृषकों में आक्रोष व्याप्त है। चूंकि कृषकगण पूर्व से ही ओलावृष्टि से अतिवृष्टि से परेशान हो चुके हैं, और कर्ज के बोझ से दबे हुये हैं, वहीं दूसरी ओर से फसलों को जब सिंचाई की जरूरत पड़ने पर एवं बच्चों की परीक्षायें प्रारंभ होने जा रही है, विद्युत विभाग द्वारा लगातार अघोषित बिजली कटौती की जा रही है, जिससे आक्रोषित ग्रामीणों एवं किसानों द्वारा जय भीम सामाजिक संगठन एवं अनुसांगिक संगठन के नेतृत्व में आज दिनांक दिनांक 27.12.2024 दिन शुकवार को प्रातः 10.30 बजे से हमारी समस्या के निराकरण का आश्वासन न मिलने तक धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम किया जायेगा। इस अवसर पर आयोजित धरना प्रदर्शन एवं चक्का जाम को सफल बनाने की अपील ललित चौरे जिला ग्रामीण प्रभारी जय भीम सेना एवं शिवम पहाड़े जिला अध्यक्ष जय भीम सेना सहित समस्त पदाधिकारियों ने की है।

## शैलेन्द्र सिंह रघुवंशी भाजपा जिलाध्यक्ष के दावेदार

**चौरई।** वर्तमान समय में भारतीय जनता पार्टी में संगठन पर्व मनाया जा रहा है, जिसमें संगठन में बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक का मनोनयन होना है। बूथ और मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति हो चुकी है और अब जिला अध्यक्ष की नियुक्ति होना है। छिंदवाड़ा के लिए बहुत सारे नाम निकल कर आ रहे हैं और इन नामों में एक नाम ऐसा है जो जिला अध्यक्ष के लिए सबसे उपयुक्त है और वो नाम है शैलेन्द्र सिंह रघुवंशी (बब्बू पटेल) का। शैलेन्द्र सिंह रघुवंशी चौरई विधानसभा से नेतृत्व करते हैं पर पूरे जिले में उनकी एक अलग ही छवि है वह एक युवा नेता हैं और पूरे जिले के युवाओं में उनकी अत्यधिक लोकप्रियता है। उनकी नेतृत्व क्षमता और मिलनसार स्वभाव उन्हें अन्य नेताओं से एक अलग छवि प्रदान करता है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष रहते हुए भी उन्होंने जिस प्रकार से लोगों की समस्या सुनी और उनका शीघ्रातिशीघ्र निराकरण किया इससे आम जनमानस में उनकी बहुत लोकप्रियता है। शैलेन्द्र सिंह रघुवंशी को संगठन चलाने का भी अच्छा खासा अनुभव है, मंडल अध्यक्ष के रूप में उनका कार्यकाल हमेशा याद करने योग्य रहा है।



## शिक्षा के मंदिर में छात्रा से अभद्र व्यवहार




छिन्दवाड़ा। जनजातिय कार्य विभाग द्वारा संचालित कन्या शिक्षा परिसर छिंदवाड़ा स्थित स्कूल में एक माध्यमिक शिक्षक द्वारा नाबालिक छात्रा से अभद्र व्यवहार करने की घटना प्रकाश में आई है मौके पर उपस्थित लोगों द्वारा हंगामा करने पर छात्रा सुरक्षित बच पाई घटना के संबंध में विभाग द्वारा जांच करवाई जा रही है शीघ्र ही दोषी शिक्षक पर कठोर कार्यवाही की जावेगी बहरहाल स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा छात्राओ के परिजनों की बैठक आज बुलाई गई है घटना दो दिन पहले की है दोषी शिक्षक पर परिजनों की शिकायत के आधार पर प्रतिवेदन तैयार कर वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपने की तैयारी चल रही है।

### रीवा ट्रेन को

## छिंदवाड़ा से प्रयागराज तक चलाया जावे




छिंदवाड़ा। कुम्भ मेला प्रारम्भ होने वाला है जो एक माह से ज्यादा चलेगा मेला 13 जनवरी 26 फरवरी तक चलेगा। रेल्वे कई ट्रेन प्रारम्भ कर रही है। छिंदवाड़ा से रीवा ट्रेन बन्द है, इस ट्रेन को छिंदवाड़ा से प्रयागराज तक प्रारंभ की जानी चाहिये जिससे श्रद्धालु कुम्भ में स्नान कर सके। इस संबंध में जिले के सांसद एवं विधायक रेल मंत्री से मांग करेंगे तो यह ट्रेन प्रारम्भ हो सकती है।

### तामिया एडवेंचर की मचेगी धूम, कॉर्निवाल आज से

# लोक नृत्य और मिकी-माउस आमंत्रित करेंगे पर्यटकों को

छिंदवाड़ा। जिला प्रशासन व मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के संयुक्त प्रयासों से आयोजित हो रहे तामिया एडवेंचर का रोमांचकारी आगाज शुक्रवार से होने जा रहा है। एडवेंचर फेस्टिवल के शुभारंभ की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को तामिया में कॉर्निवाल का आयोजन किया जा रहा है, इसमें कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह व सीईओ अग्रिम कुमार भी भाग लेंगे। कॉर्निवाल में तामिया-अमरवाड़ा और जुन्नारदेव के स्थानीय गणमान्य जनप्रतिनिधियों व नागरिकों को भी आमंत्रित किया गया है। कॉर्निवाल का शुभारंभ दोपहर 2 बजे हॉस्टल ग्राउंड से होगा, जो रैली के रूप में तामिया के मुख्य मार्गों से गुजरेगा। कॉर्निवाल में मिकी माउस, लोक नृत्य दल और स्थानीय कलाकार भी रहेंगे, जो तामिया के लोगों को फेस्टिवल में शामिल होने का आमंत्रण देंगे। जगह-जगह स्वागत के बाद कॉर्निवाल पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पहुँचेगा। इस कॉर्निवाल को लेकर तामिया में उत्साह बना हुआ है। कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में हो रहे तमिया एडवेंचर फेस्ट 2024 का आयोजन 28 दिसबंर 24 से 02 जनवरी 25 तक किया जाएगा। यह फेस्टिवल बेस केम्प रातेड़ में होगा। यहां पर पैरामोटर, हॉट एयर बेलून, पैरासेलिंग, जिप लाईन, एटीवी बाइक, रॉक क्लाईविंग, बर्मा ब्रिज, स्टार गेंजिग, रोप आपेस्टिकल, कमांडोनेट, रायफल सूटिंग, बंजी इंजेक्शन, बंजी पेड, बुल राईड जैसी साहसिक गतिविधियां संचालित की जाएगीं। पर्यटकों के लिए तामिया फेस्टिवल में पैरामोटर को शामिल किया गया है। जिला प्रशासन, जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद और मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के संयुक्त प्रयासों से आयोजित तामिया फेस्टिवल का आयोजन छिंदवाड़ा में पर्यटन को बढ़ावा देना है और छिंदवाड़ा के पर्यटन स्थलों को प्रदेश व देश के सामने लाना है ताकि अधिक से अधिक पर्यटक आएं और इसका लाभ जिले को मिल सके।




## सी.एम.ओ जनता के फोन नहीं उठाते

# इसीलिए सीएमओ हेल्प लाइन में होती है शिकायतें

छिंदवाड़ा। भाजपा नेता ने बताया कि जिले के अधिकांश मुख्य नगर पालिका अधिकारी जनता के फोन नहीं उठते और न ही उनकी काल बैक करने की आदत है। मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की यही आदत होने से नगरीय निकायों में होने वाली समस्यायें बढ़ते जा रही है, जिसके कारण सी.एम.हेल्प लाईन में शिकायतें बढ रही है। नगरों में सफाई नहीं हो रही है, जनता के काम नहीं हो पा रहे, अधिकांश सी.एम.ओ बगैर प्रशासन की सूचना कार्यालय में रहते नहीं है। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि उनकी सी.एम.ओ फोन पर बातचीत की आवाज टेप कर अपने वरिष्ठ अधिकारियों को बताकर जनप्रतिनिधियों का मजाक उड़ाते है। भाजपा नेता ने बताया कुछ सी.एम.ओ अपने पिछले नगर पालिकाओं से भ्रष्टाचार के कारण हटाया गया, उनकी विभागीय जांच की जा रही है। नगर निकायों पर कन्ट्रोल डूडा का होता है, डूडा का इन्चार्ज किसी डिप्टी कलेक्टर को बनाया जाना चाहिये किन्तु यहा एक जुनियर सी.एम.ओ को इन्चार्ज बनाया गया है, उनके ऊपर एक सीनियर सी.एम.ओ सहायक परियोजना अधिकारी डूडा बनाया गया है। जनता मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से त्रस्त है। कुछ नगर पालिका अध्यक्षों ने इनके स्थानांतरण की सिफारिश की है किन्तु मुख्य मंत्री एवं विभागीय मंत्री यह कहकर अनसूना कर देते है कि अभी स्थानांतरण पर रोक है, जनप्रतिनिधियों ने बताया कि सी.एम.ओ की कार्यप्रणाली से भाजपा की जनता में छबि खराब हो रही है।



## जंगल के राजा ने किया किसान पर हमला

छिन्दवाड़ा। जंगल के राजा कहे जाने वाले बाघ ने एक किसान पर हमला कर दिया।घटना छिंदवाड़ा रेंज के उमरिया इसरा गांव की है। जहां खेत पर काम कर रहे एक युवक पर बाघ ने हमला कर दिया हमले में घायल युवक का जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है वन परिक्षेत्र अधिकारी ने बताया कि उमरिया इसरा में गन्नू पिता गेंदलाल उइके बाघ के हमले से घायल हुए हैं जिनका उपचार कराया जा रहा है घायल युवक ने बताया कि वह झाड़ियां के पास से गुजर रहा है झाड़ियां में छुपे बाघ ने आमना सामना होने पर अपने पंजे से हमला किया और अपने दातों से कोहनी को पकड़ा और वह जमीन पर गिर पड़ा तो बाघ वहां से चला गया।

## तीन जरूरतमंद मरीजों को 1 लाख 15 हजार की आर्थिक सहायता

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा सांसद श्री बंटी विवेक की पहल पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। सांसद की पहल पर मुख्यमंत्री जी ने तीन जरूरतमंद मरीजों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई है।जिसमें श्रीमती रूपा कवरेती पति फूलचंद कवरेती निवासी वार्ड नंबर 7 लोनिया मारू जिला छिंदवाड़ा को 45 हजार, श्रीमती परवीन खान पति वहीद खान निवासी वार्ड नंबर 12 पुराना बैल बाजार छिंदवाड़ा 35 हजार, सुखदेव पिता महू लाल उईके निवासी वार्ड क्रमांक 2 ग्राम खैरवानी जिला छिंदवाड़ा 35 हजार को स्वेच्छानुदान मद से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। सांसद के प्रयासों से सहायता मिलने से गंभीर बीमारी से पीड़ित का प्राइवेट अस्पताल में इलाज हो सकेगा।आर्थिक सहायता मिलने पर परिजनों ने मुख्यमंत्री और सांसद का आभार व्यक्त किया है। परिजनों ने सांसद से मिलकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए मांग की थी।

## महिला कांग्रेस में हुई नियुक्तियां...रानू, संगीता व स्वाति को सौंपी जिम्मेदारी

छिन्दवाड़ा। मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ व जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ के निर्देशानुसार जिला महिला कांग्रेस व ब्लॉक महिला कांग्रेस में नई नियुक्तियां की गई है। समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर तत्काल प्रभाव से जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे व मोर्चा संगठन के प्रभारी आनंद बक्षी से चर्चा के उपरांत जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती किरण चौधरी के द्वारा जिला महिला कांग्रेस व ब्लॉक महिला कांग्रेस में नई नियुक्तियां की गई है। श्रीमती चौधरी के द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार श्रीमती रानू डेहरिया को जिला महिला कांग्रेस में कार्यकारी अध्यक्ष, संगीता ठाकुर को जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। श्रीमती स्वाति श्रीवास्तव को चौरई महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति के प्रति माननीय कमलनाथ, माननीय नकुलनाथ व कांग्रेस के समस्त विधायकगण, वरिष्ठ कांग्रेस जनप्रतिनिधिगण व कांग्रेस परिवार के सदस्यों का आभार माना है। जिला कांग्रेस व महिला कांग्रेस सहित कांग्रेस के समस्त मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी है।

## प्रवीण चौरागड़े द्वारा लिखित नाटक अटल जिंदगी का मंचन



छिंदवाड़ा। अटल बिहारी वाजपेयी के 100 वें जन्म दिवस पर प्रतिभा परख नाट्य मंच शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान ने प्रवीण चौरागडे द्वारा लिखित नाटक अटल जिंदगी का मंचन छिंदवाड़ा में किया गया जिसका निर्देशन प्रवीण चौरागडे ने किया। जिसमे प्रवीण चौरागडे और अदिति जोशी ने अभिनय किया, मंच साजसज्जा डॉक्टर पवन नेमा ने किया, सह निर्देशन अदिति जोशी ने किया और लाइट और साउंड पर धीरज डेहरिया रहे, ड्रेस साजसज्जा और मेकअप अनाया नेमा और चौरागडे बुटीक तारा कॉलोनी ने किया, साथ ही बेक स्टेज सहयोग वेदांत यादव, अभिलाषा यादव, चिराग सोनवाने और ओजस्वी सोनवाने, डॉक्टर रश्मि नेमा, आकाश ने प्रदान किया। प्रवीण कहते हैं कि अटल जी हमेशा से हमारे प्रेरणा स्रोत रहे हैं उनकी 100 जयंती पर उनके जीवन पर आधारित नाटक अटल जिंदगी करना एक सौभाग्य की बात है नाटक देखने आये दर्शको ने कहा कि अटल जी की कविताओं पर आधारित प्रवीण का नाटक अटल जिंदगी बहुत ही अद्भुत था।

### कांग्रेस कल मनायेगी अपना स्थापना दिवस

## जिला मुख्यालय व ब्लॉक मुख्यालयों पर झंडा वंदन कर समारोह का होगा आयोजन

छिन्दवाड़ा- भारतवर्ष के स्वतंत्रता संग्राम की फौलादी नींव व अजर अमर राष्ट्रीय नेताओं की शौर्य गाथाओं की गवाह, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का स्थापना दिवस कल दिनांक 28 दिसम्बर को झंडा वंदन कर समारोह पूर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर भारत की सबसे पुरानी पार्टी के गठन से लेकर वर्तमान तक कांग्रेस के कर्मठ व राष्ट्रसमर्पित नेताओं के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर जिला मुख्यालय सहित जिले के समस्त ब्लॉक मुख्यालयों पर झंडा वंदन किया जाएगा।

## कड़कती ठंड में बेसहारा परिवार का सहारा बनी राष्ट्रीय हिन्दू सेना

### कंबल गर्म कपडे एंव हाथ के मोंजे, टोपा वितरण किए



छिंदवाड़ा। राष्ट्रीय हिंदू सेना जिला अध्यक्ष यमन साहू ने बताया है कि हम हमारे घरों में सुरक्षित होते हैं परंतु जो लोग अपना घर छोड़ चौक चौराहो पर अपना जीवन यापन करने के लिए अपने परिवार के सदस्यों के साथ रहते हैं उनकी चिंता करना हमारा कर्तव्य बनता है साथ ही ऐसे सेवा रूपी कार्यक्रम संगठन हमेशा करते रहता है राष्ट्रीय हिन्दू सेना की पहल सेवा ही समर्पण है प्रतिवर्षानुसार इस बर्ष भी असहाय बैसाहारा लोगों को सेवा ही समर्पण मान कर राष्ट्रीय हिन्दू सेना के सदस्यों ने छिंदवाडा नगर में कड़कतीं ठंड का कहर को देखते हुए मंदिरों के सामने बैठे,जिला अस्पताल, रेलवे सस्टेशन, बस स्टैंड सड़कों ओर फुटफाथो मे बैठे बैसाहारा लोगों को कंबल गर्म कपडे एंव हाथ के मोंजे टोपा वितरण किए इस दौरान राष्ट्रीय हिंदू सेना जिला उपाध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष ऋषि लाला,विजय गौली नीरज साहू, सचिंद्रर सिंह,यशवंत साहू,कुलविंदर सिंह,बंटी साहू, शुभम सनोदिया आयुष साहू,शुभम, प्रिंस सोनी,आकाश पटेल, एंव राष्ट्रीय हिंदू सेना के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय किसान दिवस पर

## शासन की शासकीय विभाग की विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी



अमरवाड़ा। आईटीसी मिशन सुनहरा कल एवं सहयोगी संस्था आई डी वाई डब्ल्यू सी (प्रयास संस्था) के अंतर्गत क्लाइमेट स्मार्ट विलेज तालखमरा में राष्ट्रीय किसान दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र तामिया से डॉ. एस. के. अहिरवार (शस्य वैज्ञानिक) कृषि विभाग जुन्नारदेव से एस एस मरकाम (वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी) रविंद्र डेहरिया (कृषि विस्तार अधिकारी) चूड़ामण सोनारे (सहायक तकनीकी प्रबंधक आत्मा) उद्यानिकी विभाग जुन्नारदेव से आर. के. आरसे (वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी) एवं मोहखेड एवं जुन्नारदेव ब्लॉक के लगभग 200 किसान उपस्थित रहे इसके अंतर्गत किसानों को शासन की शासकीय विभाग की विभिन्न प्रकार की योजनाओं की जानकारी, जैविक खेती उन्नत बीज एवं खेत की तैयारी से लेकर फसल कटाई के बाद भंडारण तक की जानकारी पी ओ पी माड्यूल के माध्यम से डॉ. एस के अहिरवार के द्वारा जानकारी दी गई एवं इस अवसर पर मोहखेड़ एवं जुन्नारदेव ब्लॉक के 15 उन्नतशील कृषकों को शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया एवं किसानों ने अपने अनुभव भी साझा किए।कार्यक्रम में आई टी सी मिशन सुनहरा कल आई डी वाई डब्ल्यू सी प्रयास संस्था से महेंद्र सिंह ठाकुर साकेत सोनी, परमानन्द बेलवंशी केवलराम पुंडे एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निमार्ण कार्य के नाम पर अवैध वसूली के खिलाफ कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा



परासिया। विधानसभा क्षेत्र के परासिया शहर में अनाधिकृत कालोनियों अधोसंरचना के नाम पर हजारों रुपए से लेकर लाखों रुपए तक का नोटिस का वसूली दिया गया है और वही निमार्ण कार्य नाम हो रही अवैध वसूली के विरोध शहर कांग्रेस विधायक सोहनलाल बाल्मीकि एवं ब्लाक अध्यक्ष कमल राय के नेतृत्व में परासिया एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने कहा अवैध कालोनी कैसे जबकि रजिस्टार ने प्लांट को रजिस्टर्ड किया नगर पालिका ने निमार्ण कार्य की परमिशन दिया और राशि लेकर नगर पालिका ने नक्शा पास किया नगरपालिका ने जलकर लेकर नल कनेक्शन दिए नगरपालिका बिजली कनेक्शन के लिए अनुमति दी नगर पालिका ने वहां रोड नाली सहित खम्बो को लगाकर लाईट लगाई नगरपालिका लगातार उनसे मकान टैक्स ले रही है वहीं अवैध कालोनी बेचने वालों पर दोषी है मुख्य नगरपालिका अधिकारी जिसने परमिशन दिया हो रजिस्टार अधिकारी बिजली विभाग पर क्या कार्रवाई होगी वहीं भूमि स्वामी मकान मालिक जिसने एक एक पैसा जमाकर प्लाट लेकर मकान बनाने वाला कहा दोषी है ज्ञापन में कहा गया की जल्द से जल्द इसे निरस्त किया जाए और शहर में निमार्ण पर अवैध वसूली पर तत्काल कार्रवाई की जांच कर दोषियों कमचारियों पर कार्यवाही की जाये इस अवसर पर विधायक सोहनलाल बाल्मीकि ब्लाक अध्यक्ष कमल राय शहर अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह भरत डेहरिया बसंत मालवीय अनुपमा राय हरि यदुवंशी अलाउद्दीन खान देवीराम विश्वकर्मा धीरज शाह प्रतिभा सोनी दुलारी मालवीअंजली श्रीवास्तव पूनम कैथवा ससावित्री वर्मा प्रतिमा वैस श्वेता दास आशा अमरवंशी अशोक अमरवंशी राम नारायण तिवारी मोहम्मद खालिक अशोक शर्मा मयंक दुवे एखलाक खान स्वपनिल करानिया सुशील जायसवाल अशोक डेहरिया सुरेन्द्र झाड़े चन्द्र भूषण डेहरिया गोपाल राव सँभारे उपस्थित रहे द्य

## साईं बाबा रजत समारोह, भजनों का कार्यक्रम 28 को

छिंदवाड़ा। सच्चिदानंद सेवा समिति विवेकानंद कालोनी, छिंदवाडा के द्वारा श्री शिर्डी साईं बाबा की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। रजत महोत्सव के अंतर्गत प्रतिमाह कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। सच्चिदानंद सेवा समिति के कार्यक्रम सचिव आनंद बक्षी ने बताया कि, दिनाँक 28 दिसंबर दिन शनिवार को राधा कृष्ण संकीर्तन मंडल द्वारा सच्चिदानंद सेवा समिति विवेकानंद कालोनी के मंदिर के प्रार्थना भवन में रात्रि 8.30 बजे से भजनों का सुमधुर कार्यक्रम आयोजित किया गया है। यह उल्लेखनीय है कि, जनवरी माह में विशाल दुर्लभ रोग स्वास्थ्य शिविर तथा फरवरी माह में श्री शिर्डी साईं बाबा की रथयात्रा का आयोजन किया जायेगा।

सच्चिदानंद सेवा समिति के एस.वी. पुराणिक, जयंत बक्षी, अवधूत मोहगाँवकर, देवराव उपासे, वीरेन्द्र तिवारी, शिव माटे, नोखेलाल चौरसिया, धर्मेन्द्र भार्गव, नीरज डोले, मनोज वाघमारे, वीरेन्द्र अल्डक तथा सभी पदाधिकारियों ने भक्त समुदाय से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रजत महोत्सव भजन कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है।

### कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों समीक्षा बैठक

## अधिकारी स्वास्थ्य और शिक्षा संस्थानों का निरंतर करें निरीक्षण: कलेक्टर

### अधिकारियों को ग्रामीण समस्याओं के समाधान के लिए गांवों में रात्रि प्रवास करने के दिए निर्देश



छिन्दवाड़ा। कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने राजस्व अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न सरकारी योजनाओं और अभियानों की प्रगति का मूल्यांकन किया गया और बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।राजस्व महाअभियान 3.0 की प्रगति का विश्लेषण- बैठक में 26 जनवरी 2025 तक चलने वाले राजस्व महाअभियान 3.0 की समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इसमें लगातार अच्छा कार्य हो रहा है लेकिन कुछ क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने तहसील अमरवाड़ा और मोहखेड़ में फार्मर रजिस्ट्री के कम लक्ष्य पूरे होने पर चिंता व्यक्त की और अगले सप्ताह तक इसे 40 प्रतिशत तक बढ़ाने के निर्देश दिए। जिन तहसीलों ने 40 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया है उन्हें इसे 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का लक्ष्य दिया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लंबित ई-केवाईसी मामलों को जल्द से जल्द निपटाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना में लंबित मामलों को तेजी से कम किया जाए ताकि पात्र किसानों को समय पर लाभ मिल सके।

#### सीएम हेल्पलाइन के मामलों में तेजी लाने के दिए निर्देश

सीएम हेल्पलाइन के लंबित मामलों पर चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने 500 दिनों से अधिक समय से लंबित मामलों में एसडीएम को व्यक्तिगत रूप से आवेदकों से संपर्क करने के निर्देश दिए। इसी तरह 200 दिनों से अधिक समय से लंबित समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के लिए तहसीलदार और नायब तहसीलदार को आवेदकों से बात करने और शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

#### गांव में नाइट स्टे और दौरे का कार्यक्रम

कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को ग्रामीण समस्याओं के समाधान के लिए गांवों में रात्रि प्रवास करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदारों से कहा कि अगले एक महीने में अपने क्षेत्रों के दो गांवों में नाइट स्टे करें। साथ ही प्रत्येक अधिकारी को अगले महीने के लिए अपने दौरे का विस्तृत कार्यक्रम तैयार कर भेजने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगले महीने होने वाली समीक्षा बैठक में सभी अधिकारी यह जानकारी भी प्रस्तुत करें कि उन्होंने किस-किस गांव में दौरा किया और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए क्या-क्या कदम उठाए। उन्होंने इस प्रक्रिया को गंभीरता से लेने और दौरे के दौरान जमीनी स्तर पर समस्याओं को समझने पर जोर दिया।

#### अवैध रेत खनन पर रोकथाम के दिए निर्देश

बैठक में अवैध रेत खनन के मुद्दे पर भी चर्चा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध रेत खनन को रोकने के लिए त्वरित और प्रभावी कदम उठाए जाएं।

**किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज की उपलब्धता पर निर्देश-** कलेक्टर श्री सिंह ने किसानों को उच्च गुणवत्ता और उचित मूल्य पर खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### चौरई में पंचायत चौकीदार संघ की बैठक

## न्यूनतम वेतन के लिए 6 जनवरी को सीईओ का घेराव करेंगे पंचायतों के कर्मचारी



छिंदवाड़ा। पंचायत चौकीदार संघ के जिला अध्यक्ष राजू कुडापे के निर्देश एवं ब्लाक अध्यक्ष राजेश यादव की अध्यक्षता में चौरई ब्लाक की बैठक स्टेडिम के मंच पर आउटसोर्स अस्थाई कर्मचारी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वासुदेव शर्मा की विशेष उपस्थित में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पंचायतों के चौकीदारों, पंप आपरेटर, भृत्य एवं सफाई कर्मियों को श्रमायुक्त के आदेशानुसार न्यूनतम वेतन देने की मांग को लेकर आगामी 6 जनवरी को जिला पंचायत सीईओ का घेराव किया जाएगा और जब तक पंचायतों के कर्मचारियों के वेतन बढाने के आदेश नहीं होंगे, तब तक घेराव जारी रहेगा। घेराव से पहले इंदिरा तिराहे पर 11 बजे से धरना दिया जाएगा और जुलूस निकालकर जरूर जिला पंचायत कार्यालय पहुंचेंगे। चौरई बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष चौरई के श्री राजेश यादव, पप्पू वर्मा, सिमरन धुर्वे, जयकुमार वर्मा, चांसलस डेहरिया, संत कुमार कोनिया, नंदराम डगरिया एन कुमार गुमतरा, सीताराम थावरी कला, छोटेलाल यादव दिलावर मोहगांव, राजकुमार पाल सिहोरा माल, महादेव वर्मा गुड़गांव, राम दिनेश सरते सलैया, राजेंद्र पाल रामपुरी, राम दिनेश चौरसिया कुकी वाड़ा, राम किशोर साहू बामणिलाला, श्रीपाल धुर्वेद अभिषेक डेहरिया कुंडा, महेश जितेंद्र, बबलू चंद्रवंशी उमरिया, जीवन डेहरिया राजलवाड़ी, संजय डेहरिया केरिया सहित बडी संख्या में पंचायतों के कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते वासुदेव शर्मा ने कहा कि पंचायतों में बडी संख्या में चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी काम करते हैं, जिन्हें सरकार जिंदा रहने लायक वेतन नहीं देती है, 2-3 हजार रूपए में काम करा रही है क्या जबकि खुद सरकार का कानून है हर कर्मचारी को न्यूनतम वेतन देने का, छिंदवाड़ा में जिस पर अमल नहीं हो रहा है, इसीलिए अब समय आ गया है कि अपने अधिकार के लिए आर-पार का संघर्ष किया जाए, 6 जनवरी से इसकी शुरूआत करनी ही होगी।शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब का संविधान हर कामगार को ÷समान काम का समान वेतन÷ का अधिकार देता है! लोकतंत्र में हर नागरिक को आर्थिक विकास के लिए समान अवसर उपलब्ध होने चाहिए। मप्र की सरकार न संविधान को मानती है और न ही लोकतंत्र का सम्मान कर रही है, आप लोगों के साथ हो रहा अन्याय इसका उदाहरण है, अब आप लोगों को अपने संवैधानिक अधिकारों और लोकतंत्र में हासिल समान अवसरों के लिए संगठित होकर संघर्ष करना होगा, तभी आपके साथ न्याय होगा और संविधान और लोकतंत्र बच सकेगा। शर्मा ने छिंदवाड़ा एवं पाण्डुर्ना जिले के पंचायत चौकीदारों, पंप आपरेटर, भृत्य एवं सफाई कर्मियों से अधिक से अधिक संख्या में 6 जनवरी को जिला पंचायत के घेराव में शामिल होने का आव्हान किया।

# भाजपा में जिला अध्यक्षों के चयन को लेकर खींचतान



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में संगठन चुनाव के तहत भाजपा जिलाध्यक्ष के निर्वाचन में समन्वय बनाना बेहद मुश्किल हो रहा है। अब तक जहां-जहां रायशुमारी हुई, वहां बड़े नेताओं, केंद्रीय और राज्य के मंत्रियों की पसंद व दबाव में आम सहमति नहीं बन पा रही है।

भोपाल में मंत्री विश्वास सारंग, कृष्णा गौर और सांसद आलोक शर्मा अपने-अपने समर्थकों को जिलाध्यक्ष बनवाना चाहते हैं। इधर, सागर में इस मुद्दे पर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत एक तरफ हैं तो पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव और भूपेंद्र सिंह दूसरी तरफ हैं। इस बीच, पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने साफ तौर पर ऐसे जिलाध्यक्षों को नहीं दोहराने के निर्देश दिए हैं, जिनका कार्यकाल चार-पांच साल हो गया है। ऐसे कुछ जिलाध्यक्षों को दोबारा पद देने के लिए उनके राजनीतिक आका पार्टी पर दबाव बना रहे हैं।

जिलाध्यक्ष के चुनाव में कई जिले ऐसे हैं, जहां नेताओं का टकराव दिक्कत खड़ी कर रहा है। टीकमगढ़ में एक तरफ केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार हैं तो दूसरी ओर बाकी सभी नेता। डॉ. वीरेंद्र कुमार अपने संसदीय क्षेत्र के सभी जिलों में अपनी पसंद का अध्यक्ष बनवाना चाहते हैं तो पूर्व विधायक राकेश गिरी भी जिलाध्यक्ष बनने की दौड़ में हैं।

मौजूदा अध्यक्ष अमित लूना भी वापसी के लिए लगे हुए हैं। बालाघाट में पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन बेटी मौसम को अध्यक्ष बनवाना चाहते हैं तो पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे खुद अध्यक्ष बनना चाहते हैं। सिवनी जिले में विधायक मुनमुन राय कांग्रेस से आए हुए हैं, उनका मूल भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय नहीं बन पा रहा है। दूसरा गुट आलोक दुबे के साथ है। पूर्व विधायक नरेश दिवाकर, पूर्व सांसद नीता पटैरिया को इनका समर्थन है।

जबलपुर में अजय विश्नोई, प्रभात साहू और मंत्री राकेश सिंह के बीच पटरी नहीं बैठ रही। छिंदवाड़ा में भी यही स्थिति है। सांसद बंटी साहू टीकाराम चंद्रवंशी या किसी महिला को जिलाध्यक्ष बनवाना चाहते हैं। दूसरा गुट पूर्व मंत्री चौधरी चंद्रभान सिंह का है, जो शंटी बेदी को अध्यक्ष बनवाना चाहता है। यही स्थिति विंध्य क्षेत्र में है।

सतना में सांसद गणेश सिंह समर्थक सतीश कुमार शर्मा जिलाध्यक्ष हैं। संघ में प्रचारक रहे हैं। इनको दो साल हो गए हैं लेकिन मंत्री प्रतिभा बागरी और अन्य विधायक बदलाव चाहते हैं। रीवा जिले में डॉ. अजय सिंह पटेल जिलाध्यक्ष हैं, इन्हें प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा का समर्थन है लेकिन उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और सांसद जनार्दन मिश्रा दोनों नए अध्यक्ष चाहते हैं।

पन्ना जिले में बृजेंद्र मिश्रा को दो साल हुए हैं, रिपीट होने के प्रयास में हैं लेकिन संभावनाएं कम हैं। सीधी में विधायक रीती पाठक और सांसद के बीच सहमति नहीं बन रही है।

## ग्वालियर- चंबल अंचल के क्षत्रपों में खींचतान

अंचल के प्रमुख जिले ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, शिवपुरी और दतिया में जिलाध्यक्ष कुर्सी पर अपनी पसंद का व्यक्ति बैठाने के लिए आंतरिक रूप से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के खेमे के बीच खींचतान है। नरेंद्र सिंह तोमर के खेमे से भिंड, मुरैना व ग्वालियर के सांसदों ने अपने-अपने संसदीय क्षेत्र के जिलों में मोर्चा संभाल रखा है। ज्योतिरादित्य सिंधिया के इशारे पर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विवेकानंद मंडल का अध्यक्ष बदले जाने पर सामाजिक व पार्टी स्तर पर काफी हंगामा मचा। शिवपुरी व दतिया जिले के अध्यक्ष को लेकर पार्टी में त्रिकोणीय संघर्ष है।

शिवपुरी जिले की दो विधानसभा सीटें ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में आती हैं। यहां पूर्व मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया भी अपनी पसंद का जिलाध्यक्ष बनवाने के लिए सक्रिय हैं। मंडल अध्यक्षों की रायशुमारी में उन्हें शामिल नहीं किए जाने पर नगर पालिका अध्यक्ष के माध्यम से आपत्ति भी दर्ज कराई थी। इसी तरह पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा दतिया जिले में अपना अध्यक्ष बनाने पर जोर लगा रहे हैं।



**त्वरित टिप्पणी - सांध्यप्रकाश**

**जी. के. छिब्बर**

## स्वर्गीय मनमोहन सिंह का मौन उनकी ताकत थी

आर्थिक सुधारों निर्माता डॉ मनमोहन सिंह की प्रतिभा को निखारने का काम भारत के श्रेष्ठतम प्रधानमंत्री स्वर्गीय नरसिंहराव को जाता है जबकि उनके आर्थिक अनुभव को देखते हुवे उन्हे वित्त मंत्री बनाया और उन्होंने 1991 से 1996 तक प्रधानमंत्री नरसिंहराव के कार्यकाल में आर्थिक सुधार लागू किए और देश की विपरीत परस्थिति से उबारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंहराव ने विपरीत परिस्थितियों में अल्पमत की सरकार सफलता पूर्वक चलाई और देश को संकट से निकला जिसमे मनमोहन सिंह की भूमिका भी महत्वपूर्ण थी परंतु कांग्रेस ने स्वर्गीय प्रधानमंत्री नरसिंगराव के श्रेष्ठ कार्यकाल को कभी भी नही सराहा।

मनमोहन सिंह को कांग्रेस ने प्रधानमंत्री बनकर ईमानदारी का मॉडल तो बनाया परंतु उनकी आड़ मे 2004 से लेकर 2009 कई घोटाले कर डाले जहा से कांग्रेस का पतन प्रारंभ हुवा मन मोहन सिंह की चुप्पी ही संकेत करती थी की सरकार में कुछ भी ठीक नहीं हैं 2009 से 2014 के कार्यकाल में वे राहुल गांधी सोनिया गांधी के दखल से असंतुष्ट थे परंतु वफादारी के संकट में ही उलझे रहे फिर भी 10 वर्ष तक प्रधानमंत्री पद पर रहने का इतिहास बना दिया यह उल्लेखनीय है कि मनमोहन सिंह का सम्पूर्ण कार्यकाल निष्कलंक रहा उनका सबसे विशेष बयान की

'हजारों जवाबो से अच्छी है मेरी खामोशी,
न जाने कितने सवालों की आबरू रखी।'

स्वर्गीय मनमोहन सिंह के इस बयान के कई अर्थ है ही सकता है वो जो कुछ कहना चाहते थे उनके निधन के पश्चात कुछ रहस्य उजागर हो हालांकि उनके ऊपर एक फिल्म भी बन गई थे जिसमे अनुपमखेर ने उनकी भूमिका निभाई थी स्वर्गीय मनमोहन सिंह की यूपीए की 2004 से 2014 तक की भ्रष्ट यूपीए सरकार का ईमानदार प्रधानमंत्री के रूप में जाना जाएगा।

# प्रदेश में आज और कल ओले-बारिश, भोपाल, इंदौर-ग्वालियर भी भीगेंगे

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अगले 2 दिन यानी, 27-28 दिसंबर को ओले, बारिश और आंधी का दौर रहेगा। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत पूरे प्रदेश में मौसम बदला रहेगा। इस दौरान भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, सागर और जबलपुर संभाग में ओले भी गिर सकते हैं। कुछ जिलों में हवा की रफ्तार 40-50 किमी प्रतिघंटा तक रहेगी।

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि वेस्टर्न



डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) और साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव है। वहीं, हवा का असर भी है। अगले 2 दिन सिस्टम का असर रहेगा। 29 दिसंबर को सिस्टम का असर कम हो जाएगा। फिर टेम्प्रेचर में गिरावट होगी। वहीं, कोहरा भी छाएगा। मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को आंधी, बारिश और ओले का स्ट्रॉन्ग सिस्टम रहेगा। पूरे प्रदेश में ही मौसम बदला रहेगा। रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, सागर, पांढुर्णा और बड़वानी में बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। यहां 40 से 50च्यद्व प्रति घंटे तक हवा चलेगी। यहां ऑरेंज अलर्ट है। अन्य जिलों में कहीं बारिश तो कहीं गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी।

### अगले 4 दिन ऐसा रहेगा मौसम

**27 दिसंबर-** रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, सागर, पांढुर्णा और बड़वानी में बारिश के साथ ओले गिर सकते हैं। यहां 40 से 50च्यद्व प्रति घंटे तक हवा भी चलने का अनुमान है।

मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा में 30 से 40च्यद्व प्रति घंटा से हवा चलेगी और बारिश भी होगी। इसी तरह भोपाल, विदिशा, राजगढ़, खरगोन, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर-मालवा, जबलपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में हल्की बारिश हो सकती है।

**28 दिसंबर-** नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट और पांढुर्णा में ओले-बारिश का अलर्ट है। भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, भिंड, मुरैना, श्योपुर, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडौरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी में हल्की बारिश और आंधी चल सकती है।

**29 दिसंबर-** भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर, रीवा, मऊगंज, सतना, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडौरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी, मैहर और पांढुर्णा में हल्के से मध्यम कोहरा छाया रहेगा।

**30 दिसंबर-** भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और मैहर में हल्के से मध्यम कोहरा रहेगा।

### 29-30 दिसंबर से बढ़ेगी ठंड

सिस्टम के गुजरने के बाद प्रदेश में कोहरे और ठंड का असर बढ़ जाएगा। यानी, नए साल पर लोगों को कड़ाके की ठंड के दौर से गुजरना पड़ सकता है। इसके बाद पूरे एक महीने तक कड़ाके की ठंड पड़ने का अनुमान है।

### रात के पारे में बढ़ोतरी, दिन का लुढ़का

पिछले 3 दिन से प्रदेश में दिन के तापमान में गिरावट हुई है। वहीं, एक सप्ताह से रात में ठंड का असर कम हुआ है। बुधवार-गुरुवार की बात करें तो न्यूनतम तापमान 11 डिग्री से कम नहीं गया। नौगांव ही ऐसा शहर रहा, जहां तापमान 11 डिग्री दर्ज किया गया। नरसिंहपुर, मंडला, कल्याणपुर, पचमढ़ी, टीकमगढ़, मलाजखंड, खजुराहो, उमरिया, रायसेन, रतलाम, गुना, खरगोन, रीवा और सागर में पारा 15 डिग्री के नीचे रहा। बड़े शहरों की बात करें तो ग्वालियर में सबसे कम 11.9 डिग्री रहा। जबलपुर में 13.8 डिग्री, भोपाल में 14.4 डिग्री, इंदौर में 16.9 डिग्री और उज्जैन में पारा 16 डिग्री दर्ज किया गया।

### इस बार दिसंबर में रिकॉर्ड तोड़ चुकी ठंड

इस बार दिसंबर महीने में ही ठंड रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। स्थिति यह रही कि पूरे प्रदेश में जनवरी से भी ठंडा दिसंबर रहा। भोपाल समेत कई शहरों में ठंड ने रिकॉर्ड तोड़ दिए। 9 दिन से शीतलहर चली। भोपाल में दिसंबर की सर्दी ने 58 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत कई जिलों में स्कूलों की टाइमिंग बदल दी गई है, जबकि भोपाल के वन विहार नेशनल पार्क में जानवरों को सर्दी से बचाने के लिए हीटर लगाए गए हैं। भगवान को भी ठंड से बचाने के लिए जतन किए जा रहे हैं।

# विजयवर्गीय बोले-20 साल से शिशु मृत्यु दर के यही आंकड़े



**भोपाल।** प्रदेश में मोहन सरकार का एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर गुरुवार को भोपाल के मिंटो हॉल में मंथन हुआ। इस दौरान नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने दो बड़ी योजनाओं और उनके क्रियान्वयन पर सवाल खड़े कर दिए। कैलाश ने कहा- मप्र की शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) में कोई कमी नहीं है। उमा भारती (2003-04 में मप्र की मुख्यमंत्री रहीं) के समय से इसी तरह के प्रेजेंटेशन देखते आ रहे हैं। आंकड़े भी कमोवेश यही हैं। कैलाश ने यह बात गरीब कल्याण से जुड़े प्रेजेंटेशन पर चर्चा के दौरान कही। तब सीएम डॉ. मोहन यादव भी मौजूद थे।

कैलाश ने कहा कि इसे सुधारने के लिए कुछ करना होगा। इस पर उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला ने कहा कि ब्लॉक स्तर तक स्वास्थ्य की स्थिति बेहतर करने के हॉस्पिटल पर काम कर रहे हैं। कैलाश ने जल जीवन मिशन पर भी कहा कि मिशन की स्थिति खराब है। बता दें, मध्यप्रदेश में 4.6 प्रतिशत शिशु मृत्यु दर है, ये देश में सर्वाधिक है। यानी प्रति हजार बच्चों पर 46 नवजातों की मौत हो जाती है। साल 2015 में यह दर 5 प्रतिशत थी।

### जन्म-मृत्यु प्रमाण फॉर्म के लिए वेरिफिकेशन ऑनलाइन होगा

गुरुवार को ही कैबिनेट बैठक भी हुई। इसमें जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2024 को प्रदेश में लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। अब प्रदेश में जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदन व वेरिफिकेशन ऑनलाइन हो जाएंगे। ये सेल्फ अस्टैट होंगे। हालांकि आवेदन एक साल में जिला मजिस्ट्रेट या एसडीएम से सत्यापित कराना होगा।

# मैहर की सीमेंट फैक्ट्री में ब्लास्ट में मजदूर की मौत पर हंगामा, एचआर मैनेजर को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा



**मैहर।** मैहर में सीमेंट फैक्ट्री में ब्लास्ट से एक मजदूर की मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए मजदूरों ने पुलिस के सामने ही फैक्ट्री के एचआर मैनेजर को दौड़ा दौड़ा कर पीटा। उसे जमीन पर पटक दिया। लात-घूंसे मारे।

ये घटना मैहर के सरला नगर स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट फैक्ट्री की है। जहां गुरुवार सुबह करीब 11.30 बजे एक टैंकर में ब्लास्ट हो गया था। मैहर टीआई अनिमेश द्विवेदी के मुताबिक टैंकर खाली था। उसमें वेल्डिंग करते समय हादसा हुआ है। हादसे में बदेरा निवासी प्रभुदयाल कुशवाहा (35 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया था। सतना के बिरला अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था, जहां उसकी मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि हादसे के बाद एचआर हेड उपेंद्र मिश्रा के सामने मजदूर अपनी बात रख रहे थे। इस बीच प्रबंधन के फेवर में बात करने पर मजदूर भड़क गए। उन्होंने एचआर हेड के साथ मारपीट कर दी। उन्हें दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। पुलिस ने किसी तरह बीच बचाव कर उन्हें बचाया। बताया जा रहा है कि पिटाई से उन्हें काफी चोट आई है। उनका इलाज कहां चल रहा है, ये किसी को पता नहीं। टीआई अनिमेष द्विवेदी ने बताया कि अभी इस संबंध में फैक्ट्री प्रबंधन ने कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

### मजदूरों ने प्रबंधन के खिलाफ पुलिस को शिकायत की

फैक्ट्री के मजदूरों ने इस पूरे मामले में फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए है। इसे लेकर पुलिस को शिकायती पत्र भी सौंपा है। मृतक मजदूर के परिजन को मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही ब्लास्ट के लिए फैक्ट्री के सिविल, मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरों को दोषी बताया है।

# मंत्री राजपूत बोले- दिग्विजय का परिवहन प्रेम तो जगजाहिर

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया था कि कमलनाथ सरकार में ज्योतिरादित्य सिंधिया की तरफ से गोविंद सिंह राजपूत को परिवहन और राजस्व विभाग देने का दबाव था। बाद में शिवराज सरकार में भी यही हुआ। इसके जवाब में गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, दिग्विजय को कोई गंभीरता से नहीं लेता।



राजपूत ने कहा कि जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं। जिनके घर शीशे के होते हैं वे दूसरों के मकान पर पत्थर नहीं फेंका करते। बात निकली है तो दूर तलक जाएगी। जब उनसे पूछा कि इस डायलॉग के क्या मायने हैं। इस पर उन्होंने कहा, कांग्रेस काल में दिग्विजय सिंह का परिवहन विभाग से कितना लगाव था, यह सब जानते हैं। राजनीति में आरोप लगते रहते हैं, आरोपों पर मुझे कुछ नहीं कहना है। जांच होने दीजिए, सच्चाई सामने आ जाएगी। दरअसल, आरटीओ के पूर्व कॉन्स्टेबल सौरभ शर्मा के यहां छापेमारी में कैश, गोल्ड और करोड़ों की संपत्ति मिली है। एक डायरी भी मिली है, जिसमें कई जिलों के आरटीओ के नंबर और एक साल में हुआ करोड़ों का लेनदेन लिखा है। जिससे कई अफसर जांच के घेरे में हैं। परिवहन विभाग में भ्रष्टाचार का खुलासा होने को लेकर दिग्विजय सिंह पीएम मोदी के पत्र लिखकर इस केस से लोकायुक्त को हटाकर ईडी और आयकर विभाग को सौंपने की मां की है।

### दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया था

कमलनाथ सरकार में ज्योतिरादित्य सिंधिया की तरफ से गोविंद सिंह राजपूत को परिवहन और राजस्व विभाग देने का दबाव था। इन विभागों को लेकर इतना दबाव क्यों बनाया गया था, यह तो सिंधिया जी ही बता सकते हैं।

# पांच मेगावाट तक सोलर पावर प्लांट लगाओ, मध्य प्रदेश सरकार खरीदेगी बिजली

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में वर्ष 2030 तक कुल बिजली की खपत के 50 प्रतिशत हिस्से की पूर्ति सौर, पवन और जल विद्युत से करने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अब सरकार ने तय किया है कि पांच मेगावाट तक का सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने वालों से उत्पादित बिजली खरीदी जाएगी। इतना ही नहीं, परियोजना लागत पर 30 प्रतिशत अनुदान भी दिया जाएगा। इसके लिए नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के कुसुम सी योजना के प्रस्ताव पर गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट बैठक में अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

**दिल्ली मेट्रो को दी जा रही बिजली-** वर्ष 2012 में प्रदेश में नवकरणीय ऊर्जा क्षमता लगभग 500 मेगावाट थी। वर्तमान में यह सात हजार मेगावाट हो गई है, जो राज्य की कुल ऊर्जा क्षमता का 21 प्रतिशत है। रीवा सौर ऊर्जा परियोजना से दिल्ली मेट्रो को बिजली दी जा रही है तो अप्रैल 2024 से भारतीय रेल को प्रतिदिन 195 मेगावाट बिजली दी जा रही है। इसका उपयोग वह गोवा, झारखंड, महाराष्ट्र, दिल्ली, बिहार, उत्तर प्रदेश और ओडिशा में ट्रेनों के संचालन में कर रहा है। दिन में उत्पादित इस ऊर्जा का उपयोग अधिक से अधिक करने के लिए सरकार कई कदम उठा रही है।

# मध्यप्रदेश में 500 टीचर स्कूल नहीं जाते, किराए के लोग रखे: शिक्षा मंत्री

**रायसेन।** मध्यप्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप ने प्रदेश के सरकारी टीचरों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैं 500 ऐसे शिक्षकों को निजी तौर पर जानता हूं, जो खुद स्कूल नहीं जाते और अपनी जगह किराए के लोग रखे हैं। शिक्षा मंत्री के इस बयान पर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि कितनी शर्म की बात है, मंत्री को सब पता है लेकिन वे कार्रवाई नहीं करते।

रायसेन जिले के बरेली में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती को शिक्षा संदर्भ समूह ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया था। शिक्षा मंत्री इसी कार्यक्रम में शामिल हुए थे। मंत्री ने कहा कि किराए पर टीचर रखने वाले ऐसे करीब 100 शिक्षक तो मेरे ही जिले में हैं। उन्होंने कहा कि 100 फीसदी? अच्छे शिक्षकों में से 10 से 12 फीसदी शिक्षक ऐसे हैं, जिनके कारण पूरा शिक्षा विभाग बदनाम होता है।




### 5 साल पीछे चला जाएगा प्रदेश

कार्यक्रम के दौरान मंत्री राव उदय प्रताप बोले- लोगों ने विधायक के रूप में मुझे चुना है। अगर मैं गलतियां करूंगा और अपने प्रदेश में अपने पद के साथ न्याय नहीं करूंगा तो हमारा प्रदेश 5 साल पीछे चला जाएगा। लेकिन, शिक्षक अपने कर्तव्य से चूक गया तो पूरी पीढ़ी नष्ट करके जाएगा। ये एक बड़ी चुनौती है कि हम इन परिस्थितियों से लड़ते हुए शिक्षा व्यवस्था को कैसे बेहतर करें।

### प्राइवेट स्कूलों में बढ़ रही बच्चों की संख्या

शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों को नसीहत देते हुए कहा कि एक तरफ सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या घटती जा रही है। वहीं दूसरी ओर प्राइवेट स्कूलों में फीस लेने के बाद भी बच्चों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों के बीच में कहा कि एक भी शिक्षक हाथ उठा दे, जिनके बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं।

### जीतू बोले- कार्रवाई के बजाय महिमामंडन कर रहे

शिक्षा मंत्री के इस बयान पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट किया। उन्होंने लिखा-मध्यप्रदेश के शिक्षा मंत्री उदय प्रताप ने खुद कबूल किया की 500 शिक्षक स्कूल नहीं जाते और किराए पर लोग लगा रखे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव को टैग करते हुए लिखा कि ये कितनी शर्म की बात है, आपके मंत्री को पता है कि स्कूलों में शिक्षक नहीं है लेकिन कार्रवाई करने की जगह मंच से इसका महिमा मंडन कर रहे हैं।